हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 137, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 17 नवम्बर, 2023 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## 'सेकुलरिज्म गैर-धार्मिक नहीं, सब धर्मों का सम्मान'

### विदेश मंत्री ने अंग्रेजों की सरजमीं से पढ़ाया धर्मनिरपेक्षता का पाठ

लंदन। भारत के लिए धर्मनिरपेक्षता का मतलब गैर-धार्मिक होना नहीं है, बल्कि सभी धर्मों का समान सम्मान करना है। ये बयान विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दिया है। खास बात ये है कि विदेश मंत्री ने धर्मनिरपेक्षता का पाठ अंग्रेजों की सरजमीं से पढ़ाया। उन्होंने कहा, अतीत की "तुष्टीकरण" वाली सरकारी नीतियों ने देश के सबसे बड़े धर्म को ऐसा महसूस कराया कि उसे स्वयंभू होना होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, समानता के नाम पर सरकारों का ऐसा रवैया निंदनीय है। जयशंकर से पूछा गया कि क्या नेहरू युग के बाद से भारत भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के तहत कम उदार और अधिक "हिंदू बहुसंख्यकवादी" बन गया है? अपने जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, भारत निश्चित रूप से बदल गया है, जयशंकर ने स्पष्ट कहा कि बदलाव का मतलब यह नहीं है कि भारत कम उदार हो गया है, बल्कि अपनी मान्यताओं को व्यक्त करने के बारे में "अधिक प्रामाणिक" है। उन्होंने यह जवाब बुधवार शाम लंदन में रॉयल ओवरसीज लीग में 'हाउ ए



बिलियन पीपल सी द वर्ल्ड' टाइटल वाली बातचीत के दौरान दिया। जयशंकर ने पत्रकार-लेखक लियोनेल बार्बर के एक सवाल के जवाब में कहा, आज का भारत नेहरू युग की तुलना में काफी बदल चुका है। हम भारत में धर्मनिरपेक्षता को कैसे परिभाषित करते हैं? इस सवाल पर नेहरू युग की धारणा ने तत्कालीन राजनीति की सोच और विदेश में इसके प्रसार को बहुत हद तक निर्देशित किया। विदेश मंत्री ने कहा, "हमारे लिए, धर्मनिरपेक्षता का मतलब गैर-धार्मिक होना नहीं है; हमारे लिए धर्मनिरपेक्षता का मतलब सभी धर्मों के लिए समान सम्मान है। अब, वास्तव में राजनीति में जो हुआ वह सभी धर्मों के लिए समान सम्मान के साथ शुरू हुआ था, हम वास्तव में 'अल्पसंख्यकवादी प्रचार' की राजनीति में शामिल हो गए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि समय के साथ अल्पसंख्यकों पर केंद्रित राजनीति के कारण प्रतिक्रिया पैदा हुई।' जयशंकर ने भारतीय राजनीतिक बहस में "तुष्टिकरण" को एक बहुत शक्तिशाली शब्द बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश की राजनीति को दिशा मिली। उन्होंने कहा, अधिक से अधिक लोगों को लगने लगा कि एक तरह से, सभी धर्मों की समानता के नाम पर, वास्तव में, सबसे बड़े धर्म को आत्म-निंदा करने के साथ-साथ खुद को कम महत्व देना होगा। हालांकि, उस समुदाय के एक बड़े हिस्से को लगा कि यह उचित नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में भारत में देखे गए राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन आंशिक रूप से "बौद्धिक और राजनीतिक स्तर पर" अनुचितता की इस भावना की प्रतिक्रिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या परिणामस्वरूप भारत में सहिष्णुता कम हो गई है? पर विदेश मंत्री ने जवाब दिया, "मैं ऐसा नहीं सोचता; मैं इसके विपरीत सोचता हूं। मुझे लगता है कि आज लोग अपनी मान्यताओं, अपनी परंपराओं और अपनी संस्कृति के बारे में कम पाखंडी हैं।" "हम अधिक भारतीय और अधिक प्रामाणिक हैं। हम आज या तो वैश्विक दर्शकों के सामने पक्षपात नहीं कर रहे हैं या वास्तव में किसी प्रकार के वामपंथी उदारवादी निर्माण को जीने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके बारे में बहुत से भारतीयों को लगा कि हम ऐसे नहीं हैं।"

## एयरपोर्ट पर उतरते ही पायलट-गहलोत पर राहुल गांधी ने दिया बड़ा बयान, बीजेपी बोली- ये सिर्फ फोटोशूट



जयपुर। राजस्थान चुनाव के चलते वार-पलटवार की राजनीति जोरों पर है। जयपुर में आज चुनावी प्रचार के लिए पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एकतरफ भाजपा पर पलटवार किया तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस में सब कुछ ठीक होने की बात कही। राहुल के जयपुर एयरपोर्ट पर उतरते ही उनके साथ सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी दिखे। राहुल गांधी से जब पूछा गया कि क्या अब सब साथ हैं, तो इस पर कांग्रेस नेता ने हंसते हुए कहा कि हम न सिर्फ साथ दिख रहे हैं बल्कि एकजुट भी हैं। हम साथ रहेंगे और कांग्रेस यहां चुनाव जीतेगी। राहुल के इस बयान पर भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक फोटोशूट है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक फोटो के लिए है, क्योंकि राहुल गांधी जानते हैं कि राजस्थान में कांग्रेस का कुछ नहीं होने वाला है। भाजपा नेता ने कहा, इसीलिए वह यहां सिर्फ इसके लिए एक फोटोशूट करने आए हैं और इसके बाद वापस जा रहे हैं।

## 'डर उनको लगता है, जिसका सरदार मूर्ख हो' स्मृति बोलीं- जनता ने बता दिया शेर कौन है

जयपुर। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के बीच बीजेपी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जुबानी हमले तेज कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी राहुल गांधी पर तीखा वार किया है। राजधानी जयपुर के सिविल लाइन में गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए स्मृति ईरानी ने राहुल को 'मूर्ख' कहा है। बीजेपी नेता ने जनसभा के मंच से कहा, 'डर उनको लगता है, जिनके सरदार मूर्ख हो। हम शेर की पार्टी के कार्यकर्ता हैं। चाहे कितना भी डरा लो, हम डरने वालों में से नहीं हैं।' करिश्मा देखिये उस नेता का, मैंने नेता का नाम नहीं लिया। मैंने कहा कि एक तरफ सरदार जिनका मूर्ख, दूसरी तरफ जिस पार्टी का सरदार शेर हैं। जैसे ही मैंने कहा कि




वो नेता शेर की तरह दहाड़ता है। शेर की तरह भारत का नाम रोशन करता है, तो जनता के मुंह से शेर का नाम निकल आया। इससे पहले पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के बैतूल में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी को मूर्खों का सरदार कहा था। पीएम मोदी ने राहुल का नाम लिए बिना कहा था, 'मैंने सुना कल कांग्रेस के एक महाज्ञानी कह रहे थे कि भारत के सब लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन आता है। अरे मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में रहते हो? कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियों को ना देखने की मानसिक बीमारी है।'

## यूपी मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष का फूटा दर्द- सीएम योगी को लिखा ऐसा पत्र

लखनऊ। यूपी मदरसा बोर्ड के चेयररमैन ने सीएम योगी को पत्र लिखा है। उन्होंने यूपी में चल रहे मदरसों की मान्यता को लेकर यह पत्र लिखा है। बता दें कि यूपी मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद ने सीएम योगी को पत्र लिखकर यूपी में चल रहे मदरसों को मान्यता देने के लिए विशेष पत्र लिखा है। चेयरमैन डॉक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद ने पत्र में यूपी में मदरसों के सर्वे का जिक्र भी किया है। उन्होंने पत्र में जिक्र करते हुए कहा है कि गैर मान्यता मदरसों का सर्वे हुए करीब एक साल से अधिक समय बीत चुका है। शासन की ओर से ऐसे मदरसों को मान्यता देने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। उन्होंने पत्र में जिक्र किया है कि आठ वर्षो से यूपी में कई मदरसों की मान्यता नहीं हुई है। चेयरमैन डॉक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि साढ़े आठ हजार मदरसों का एक साल पहले सर्वे हुआ था। उन्होंने कहा कि साढ़े सात लाख बच्चों का भविष्य शासन के चलते अंधकार में है। इसके साथ उन्होंने कहा यूपी के मदरसों में 90-95% बच्चे पसमांदा समाज के हैं। डॉक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा कि यूपी में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को अवैध कहने से पीड़ा होती है। उन्होंने कहा कि मान्यता देकर इन बच्चों को मुख्यधारा में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी का भी सपना है कि एक हाथ में कुरआन व एक हाथ में कंप्यूटर होना चाहिए।

## रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह ने की शिरकत, कहा- हिंद-प्रशांत में आजाद परिवहन के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली। इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित आसियान के रक्षा मंत्रियों (एडीएमएम प्लस) की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिरकत की। संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए बातचीत जरूरी है। साथ ही उन्होंने कूटनीति के महत्व पर भी जोर दिया। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के मुद्दे पर राजनाथ सिंह ने कहा, भारत वैश्विक मानदंडों के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में नौवहन, हवाई उड़ान और निर्बाध वैध वाणिज्य की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है।



राजनाथ सिंह ने कहा, वर्तमान युग युद्ध का नहीं है। आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बताया। उन्होंने इससे निपटने के लिए ठोस प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए एडीएमएम प्लस के साथ व्यावहारिक, दूरदर्शी और परिणामोन्मुखी सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा, पूरे दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता के चीन के व्यापक दावों पर वैश्विक चिंताएँ बढ़ रही हैं। गौरतलब है कि आसियान रक्षा मंत्रियों की एडीएमएम-प्लस बैठक में रक्षा मंत्री ने टिप्पणी की। दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र और इसके आठ संवाद भागीदार - भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। इंडोनेशिया एडीएमएम प्लस के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में बैठक की मेजबानी कर रहा है। 1992 में भारत आसियान का संवाद भागीदार बना। एडीएमएम-प्लस अक्टूबर 2010 में हनोई में आयोजित किया गया था।

## 'बिहार को जल्द दे दीजिए विशेष राज्य का दर्जा', नीतीश की केंद्र से मांग, बोले- फीडबैक लेने घर-घर जाएंगे; अभियान चलाएंगे

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को यह ऐलान किया कि प्रदेश में फिर से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने को ले अभियान चलेगा। एक-एक जगह जाकर इस बारे में लोगों को बताएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र अगर बिहार का उत्थान चाहता है तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे। अगर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता है तो दो वर्षों के भीतर ही प्रदेश का विकास हो जाएगा। जल्द दे दीजिए यह दर्जा। केंद्र सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं देती तो इसका मतलब यह है कि वह बिहार का उत्थान नहीं चाहती। राजधानी स्थित बापू सभागार में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना 2023-24 के लाभुकों के बीच प्रथम किस्त के वितरण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को अगर विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो प्रदेश का काफी विकास होता। अभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं का अनपात 60: 40 है। इससे राज्य को कोई फायदा नहीं। विशेष राज्य का दर्जा मिलने से हमें राशि की बचत होगी। दूसरे काम होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आने वाले समय में अपनी यात्रा की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनवरी-फरवरी में वह लोगों के बीच गांव-गांव जाकर योजनाओं का हाल लिया था। वह फिर निकलेंगे और जानकारी लेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव को यह निर्देश दिया है कि विभाग के अधिकारी व डीएम लोगों के बीच जाकर राज्य सरकार की योजनाओं का फीडबैक लें। यह देखें कि कितने लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा। जिन लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा उनसे बात करें और उन्हें लाभ दिलाएं।

## डीडीयू अस्पताल के 17 संविदा कर्मियों को मिला रुका हुआ वेतन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत स्टाफ का वेतन वैसे तो समय से मिलता चला आ रहा था लेकिन वेतन देने वाली कंपनी की चेंजिंग से सितंबर ,अक्तूबर माह का वेतन हास्पिटल स्टाफ कों नहीं मिल पाया था` बताया गया की नर्सिंग स्टाफ और फिजियोथेरेपी विभाग के कुल 17 कर्मचारियों का वेतन पिछले दो माह से नहीं मिल रहा था वहीं पूर्व में एक हिन्दी दैनिक पेपर में हास्पिटल के स्टाफ का दो माह वेतन ना मिलने की खबर प्रकाशन हुआ तो महकमा सक्रिय हुआ वहीं पण्डित दीनदयाल हास्पिटल के स्टाफ के द्वारा बताया गया की वेतन ना मिलने की खबर को संज्ञान में लेते हुए कंपनी ने 17 कर्मचारियों का वेतन उनके खाते में भेज दिया इस संबंध में गोयर टेक्नो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अशरफ अली ने बताया कि




सितंबर माह का वेतन सभी कर्मियों को भेज दिया गया है` अक्टूबर माह का वेतन दो-चार दिनों में चला जाएगा इसके बाद महीने के शुरूआत में ही सभी का वेतन पहुंच जाएगा।

## कोलकाता पहुंचे लालू और तेजस्वी, ममता बनर्जी के भतीजे की शादी में करेंगे शिरकत


पटना। राजद प्रमुख लालू यादव और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आज यानी कि गुरुवार को कोलकाता पहुंच गए हैं। दोनों पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे की शादी में शामिल होंगे। बनर्जी ने खास तौर पर लालू परिवार को इस शादी समारोह में शामिल होने के लिए न्योता भेजा था। कोलकाता एयरपोर्ट पर लालू और तेजस्वी के पहुंचने के बाद भारी संख्या में लोग नजर आए। गौरतलब है कि कोलकाता रवाना होने से पहले तेजस्वी ने भाजपा पर करारा हमला बोला था। दरअसल, कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने पटना में यदुवंशी सम्मेलन आयोजित किया था, इसपर पलटवार करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा यादवों को बांटने की कोशिश कर रही है, लेकिन सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी कुछ भी कर सकता है। भाजपा भी यादवों को बांटने की कोशिश में जुटी है। उहोने कहा कि वे यादवों को बांटने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन इससे उन्हें मदद नहीं मिलेगी। बता दें कि 14 नवंबर को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पटना के बापू सभागार में यदुवंशी मिलन



समारोह का आयोजन किया और लालू प्रसाद पर निशाना साधा। राय ने यहां तक कि लालू प्रसाद की तुलना 'कंस' से भी कर दी और खुद को कृष्ण का उत्तराधिकारी होने का दावा किया। नित्यानंद राय ने कहा कि लालू प्रसाद ने बिहार में अपने 15 साल के शासन के दौरान यादव जाति को 'डर का प्रतीक' बना दिया।

## सहारा प्रमुख के निधन पर सेबी चीफ ने दी प्रतिक्रिया, बोलीं- नियामक के पास चलता रहेगा मामला

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच ने गुरुवार को कहा कि सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय के निधन के बाद भी सहारा का मामला पूंजी बाजार नियामक के समक्ष जारी रहेगा। उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम से इतर बुच ने संवाददाताओं से कहा कि सेबी के लिए यह मामला एक इकाई के आचरण से जुड़ा है और यह जारी रहेगा, भले ही कोई व्यक्ति जीवित हो या नहीं। समूह के विवादास्पद संस्थापक रॉय का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया था। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच से जब सहारा समूह के अवितरित धन को निवेशकों को लौटाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "उच्चतम न्यायालय के तहत एक समिति है और हम सभी कार्रवाई उसी समिति के तहत करते हैं। विज्ञापनों के कई दौरान के बाद जिसके पास (सहारा में) निवेश के सबूत थे, उन्हें अपना पैसा मिल गया।" दूसरी ओर, सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय के निधन के बाद पूंजी बाजार नियामक सेबी के खाते में पड़ी 25,000 करोड़ रुपये से



अधिक की गैरवितरित धनराशि भी एक बार फिर से चर्चा में है। रॉय समूह की कंपनियों के संबंध में कई विनियामक तथा कानूनी लड़ाइयों का सामना कर रहे थे। उन पर पोंजी योजनाओं में नियमों को दरकिनार करने का भी आरोप था। हालांकि सहारा समूह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को हमेशा खारिज किया। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 2011 में सहारा समूह की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसआईआरईएल) और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) को वैकल्पिक रूप से पूर्ण परिवर्तनीय बांड (ओएफसीडी) के रूप में पहचाने जाने वाले कुछ बांडों के जरिए करीब तीन करोड़ निवेशकों से जुटाए गए धन को वापस करने का आदेश दिया था। नियामक ने आदेश में कहा था कि दोनों कंपनियों ने उसके नियमों और विनियमों का उल्लंघन करके धन जुटाया था। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उच्चतम न्यायालय ने 31 अगस्त 2012 को सेबी के निदेशों को बरकरार रखा और दोनों कंपनियों को निवेशकों से एकत्र धन 15 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने को कहा था। इसके बाद सहारा को निवेशकों को धन लौटाने के लिए सेबी के पास अनुमानित 24,000 करोड़ रुपये जमा करने को कहा गया। हालांकि समूह लगातार यह कहता रहा कि उसने पहले ही 95 प्रतिशत से अधिक निवेशकों को प्रत्यक्ष रूप से भुगतान कर दिया है। पूंजी बाजार नियामक की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा समूह की दो कंपनियों के निवेशकों को 11 वर्षों में 138.07 करोड़ रुपये वापस किए। इस बीच पुनर्भुगतान के लिए विशेष रूप से खोले गए बैंक खातों में जमा राशि बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

## भारत ने बॉस की तरह फाइनल में एंट्री की टीम इंडिया की तारीफ में बोले अमित शाह



नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में भारतीय इंडिया ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंच गई है। यह भारत की लगातार 10वीं जीत थी। फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 397 रन बनाए, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड 327 रन बनाकर ढेर हो गई। भारत के फाइनल में पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने टीम इंडिया को बधाई दी। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर टीम इंडिया को बधाई देते हुए संदेश लिखा। उन्होंने कहा कि भारत ने बॉस की तरह फाइनल में एंट्री की है। शाह ने लिखा, "बॉस की तरह फाइनल में एंट्री की। क्रिकेट कौशल का क्या अद्भुत प्रदर्शन है। शानदार खेल दिखाने के लिए शुभकामनाएं। अब चलो वर्ल्ड कप ले आओ।"

# जब 100 प्रतिशत मतदान होगा तभी जनप्रतिनिधियों की गुणवत्ता में सुधार होगा

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत आज वैश्विक पटल पर एक महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है एवं भारत विश्व को कई क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में भी आ गया है। कुछ देश (चीन एवं पाकिस्तान सहित) भारत की इस उपलब्धि को सहन नहीं कर पा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर समस्त विघटनकारी शक्तियां मिलकर भारत को तोड़ना चाहती हैं। इन विघटनकारी शक्तियों द्वारा भारत में जातीय संघर्ष खड़ा करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जबकि भारत के कई सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठन समस्त भारतीय समाज में एकजुटता बनाए रखना चाहते हैं ताकि भारत को एक बार पुनः विश्व गुरु बनाया जा सके। परंतु, आज विघटनकारी शक्तियों के निशाने पर मुखर रूप से हिंदुत्व, भारत एवं संघ आ गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्वयंसेवकों में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया है। संघ के स्वयंसेवक समाज की सज्जन शक्ति के साथ मिलकर समाज में जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं कि किस प्रकार इन विघटनकारी शक्तियों को परास्त किया जा सकता है। भारत में शीघ्र ही निर्वाचन काल प्रारम्भ होने जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आज राष्ट्र को भारत माता के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले नागरिकों की बहुत अधिक आवश्यकता है। अतः भारतीय समाज द्वारा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान किया जाय एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत प्रत्याशी ही चुनाव जीत सकें, इसके लिए समाज को साथ लेकर भारतीय नागरिकों द्वारा विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। इस संदर्भ में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा भी कई तरह के प्रयास समय समय पर किए जाते हैं ताकि देश के नागरिकों द्वारा 100 प्रतिशत मतदान किया जा सके। निश्चित ही 50 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि की तुलना में 90 अथवा 100 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि बेहतर प्रतिनिधि ही साबित होंगे। अतः अधिक से अधिक मतदान किया जाना आज समय की आवश्यकता है। इससे चुने गए प्रतिनिधियों की गुणवत्ता में तो सुधार होगा ही साथ ही, वर्तमान समय में भारत की आर्थिक प्रगति भी जारी रह सकेगी एवं भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित होते हुए भी हम लोग देख सकेंगे।



कई बार विभिन्न दलों के समस्त प्रत्याशी कुछ मतदाताओं को पसंद नहीं आते हैं, इन परिस्थितियों में ऐसे मतदाताओं को नोटा का बटन दबाने का अधिकार रहता है। परंतु, कोई प्रत्याशी मतदाता की नजर में 100 प्रतिशत खरा प्रत्याशी होगा, ऐसा सम्भव भी तो नहीं है। इन परिस्थितियों में कम से कम बुरे प्रत्याशी को चुना जा सकता है। नोटा का बटन दबाकर तो कम बुरे प्रत्याशी के स्थान अधिक बुरा प्रत्याशी ही चुना जा सकता है। संघ के परम पूज्य सर संघचालक भी कहते हैं कि ह्लनोटा में हम लोग सर्वोत्तम को भी किनारे कर देते हैं और इसका फायदा सबसे बुरा उम्मीदवार ले जाता है। होना यह चाहिए कि हमारे पास जो सर्वोत्तम उपलब्ध है, उसे चुन लें। प्रजातंत्र में सौ फीसदी लोग सही मिलेंगे, ऐसा बहुत मुश्किल है।ह्व यह आकलन पूर्णतः सही ही कहा जा सकता है क्योंकि मतदाता भले ही नोटा दबा कर यह समझे कि उसने सभी उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया है लेकिन शायद उसे यह नहीं पता होता कि इस से किसी ऐसे उम्मीदवार की कम अंतर से हार हो सकती है जो उन सबमे सबसे बेहतर हो। ऐसे में नोटा को गए वोट अगर उस हारे उम्मीदवार को जाते तो वह जीत सकता था। अगर इस कारण किसी बुरे उम्मीदवार की जीत हो जाती है तो फिर नोटा दबाने के कोई मायने ही नहीं रह जाते। भारत में चुनावों पर हजारों करोड़ रुपए की राशि खर्च होती है। अतः केंद्र एवं राज्यों में मजबूत सरकारों का चुना जाना अति आवश्यक है, ताकि वे अपने 5 वर्ष के कार्यकाल को सफलता पूर्वक सम्पन्न कर सकें। यदि 100 प्रतिशत मतदान के साथ किसी भी सरकार को चुना जाता है तो निश्चित ही मजबूत सरकार होगी एवं वह अपना कार्यकाल पूर्ण कर सकने में सफल भी होगी और इस प्रकार मध्यावधि चुनावों की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। इस प्रकार, देश के करोड़ों रुपयों के खर्च को बचाया जा सकेगा। इसलिए भारत में आज पढ़े लिखे एवं समझदार वर्ग को भी आगे आकर 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करने चाहिएं, क्योंकि जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में भारत आज आगे बढ़ रहा है, यह कार्य लम्बे समय तक जारी रहना चाहिए। इजराइल के नागरिकों में देश प्रेम की भावना के चलते ही 3 लाख से अधिक नागरिकों ने आगे आकर सेना में भर्ती होने के वहां की सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार किया है। भारत में भी देश के प्रतिनिधि राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले ही होने चाहिए। भारतीय समाज की एकजुटता के कारण ही आज भारत में रामसेतु का विध्वंस रुक सका है, जम्मू एवं कश्मीर में लागू धारा 370 एवं धारा 35ए हटाई जा सकी है, 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में निर्मित हो रहा है, जिसका उद्घाटन 22 जनवरी 2024 में पूज्य संत महात्माओं के साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होने जा रहा है। जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता आज भारत के पास है और भारत इस समूह के समस्त देशों को एकजुट बनाए रखने में सफल रहा है। भारत ने चन्द्रयान को चन्द्रमा के दक्षिणी भाग पर सफलता पूर्वक उतारने में सफलता हासिल की है एवं चन्द्रमा की सतह पर ह्लशिवशक्तिह्व को अंकित करने में भी सफलता पाई है। भारत आज अपनी सीमाओं की मजबूती के साथ सुरक्षा करने में सफल हो रहा है। खेलों के क्षेत्र में भी नित नए झंडे गाड़े जा रहे हैं, हाल ही में चीन में सम्पन्न हुई एशियाई खेल प्रतियोगिताओं में भारत ने 107 पदकों को हासिल कर एक रिकॉर्ड बनाया है। इसी प्रकार नागरिकों को आज अच्छी सड़कें मिली हैं, पानी-बिजली की उपलब्धता बढ़ी है, राज्यों में विकास की यात्रा तेजी से आगे बढ़ रही है। राज्यों के चुनाव भी बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं क्योंकि राज्य सभा सदस्य राज्य के विधायकों द्वारा ही चुने जाते हैं। इस दृष्टि से विभिन्न राज्यों के चुनाव में भी 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## संपादकीय

## सुरक्षित चारदीवारी मानी जाने वाली जेलों की निगरानी तंत्र पर सवालिया निशान

यह विडंबना ही रही है कि किसी अपराध के दोषी को जेल में सजा काटने के लिए भेजा जाता है, लेकिन वहां वह कई ऐसी सुविधाएं हासिल कर लेता है, जो गैरकानूनी होती हैं। यानी बाहर कानून को ताक पर रख कर वह किसी अपराध को अंजाम देता है और इसके बदले जब उसे सजा दी जाती है, तो वह जेल में भी वक्त काटने के लिए गैरकानूनी रास्ता ही अख्तियार करता है। इसे लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं कि कानून को धता बता कर जेल में बंद किसी कैदी को नियमों के खिलाफ मोबाइल फोन या टीवी जैसी अन्य सुविधाएं कैसे मिल जाती हैं और उसके लिए कौन जिम्मेदार है। आखिर जेल के भीतर किसी कैदी के पास अलग से निजी फोन या अन्य साधन पहुंचते कैसे हैं? जाहिर है, जेल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात तंत्र में किसी स्तर पर या तो चूक होती है या फिर किसी कर्मचारी की मिलीभगत, जिसकी वजह से कैदी के पास फोन पहुंचा दिया जाता है। यह स्थिति एक तरह से सुरक्षित चारदिवारी मानी जाने वाली जेलों के निगरानी तंत्र पर सवालिया निशान है। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मसले से निपटने के लिए जेल कानून का एक नया मसविदा तैयार किया है, जिसमें कैदियों पर निगरानी के लिए प्रमुख रूप से तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। इस क्रम में एक अहम सुझाव यह है कि अगर किसी कैदी के पास मोबाइल फोन पाया जाता है तो उसे तीन साल के कारावास की सजा दी जाएगी। जेलों में अपराधियों के बीच हिंसक टकराव की अनेक घटनाओं को देखते हुए मसविदे में विभिन्न अपराध के कुछ दोषियों को उनकी प्रकृति और जोखिम के मुताबिक अलग-अलग रखने की बात भी कही गई है। प्रतिबंधित वस्तुओं की तलाश में कैदी की नियमित तलाशी ली जाएगी। एक प्रावधान यह है कि किसी सजायाफ्ता कैदी को इलेक्ट्रानिक ट्रैकिंग उपकरण पहनने की शर्त पर छुट्टी पर बाहर भेजा जा सकता है, ताकि उसकी आवाजाही और अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इसमें नियमों के उल्लंघन पर भविष्य में छुट्टी के अयोग्य घोषित किया जाना और छुट्टी रद्द किया जाना भी शामिल है। देश की जेलों में बंद कैदियों के मोबाइल फोन या अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करने से लेकर अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में जैसी खबरें आती रही हैं, उसके मद्देनजर मंत्रालय के सुझाव महत्त्वपूर्ण हैं। कहने को जेल में प्रवेश से लेकर बाहर निकलने तक पर सख्त निगरानी होती है। मगर ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, जिसमें किसी कैदी के पास से फोन या अन्य सामान जब्त किए गए। फिर जेल में बंद होने के बावजूद किसी कैदी के बाहर गिरोह या आपराधिक गतिविधियों को संचालित करने या उसे अंजाम देने की घटनाएं भी अक्सर चिंता की वजह बनती रही हैं। आधुनिक तकनीकी तक सजायाफ्ता अपराधियों की पहुंच ने भी कानूनों को ताक पर रखने के मामलों में इजाफा किया है। जेलों के घोषित सुरक्षा तंत्र के बरक्स यह जेलकर्मियों की मिलीभगत के जरिए और अधिकारियों की अनदेखी की वजह से ही संभव हो पाता होगा कि किसी सजायाफ्ता कैदी के पास मोबाइल, अन्य उपकरण या सुविधा के साधन पहुंच जाते हैं। इसमें अपराधियों के प्रभावशाली लोगों से जुड़े तार और उनके रसूख की भी भूमिका होती है। ऐसी स्थिति में जेलों के भीतर गैरकानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए कानूनी स्तर पर सख्ती जरूर बरती जाए, लेकिन अगर उनके अमल को लेकर कोताही होगी, जेलों के अपने तंत्र को ईमानदार और दुरुस्त नहीं बनाया जाएगा तो नियम-कायदों की अहमियत सिर्फ कागजों में सिमटी रहेगी।

## दरम्यान चुनाव के!



जांच होना चाहिए ।  
वितरण जो सामान ।।  
दरम्यान चुनाव के ।  
हुए मेहरबान ।।  
आई बात सामने ।  
है रहना तैयार ।।  
कहां कहां है गड़बड़ी ?  
और किस प्रकार ।।  
दे रहे हैं खुल कर ।  
सार्वजनिक बयान ।।  
लगता कुछ कुछ उनको ।  
हुआ शायद ज्ञान ।।  
है सबको अधिकार ।  
हो सारा स्पष्ट ।।  
हो सकती है कैसे ?  
किसी को भी कष्ट ।।  
–कृष्णेन्द्र राय

# बिरसा मुंडा का जीवन व उनका उलगुलान सभी भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत है

**प्रवीण गुगनानी**

भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को साथ लेकर उलगुलान किया था। उलगुलान अर्थात हल्ला बोल, क्रांति का ही एक देशज नाम। वे एक महान संस्कृतिनिष्ठ समाज सुधारक भी थे, वे संगीतज्ञ भी थे जिन्होंने सूखे कद्दू से एक वाद्ययंत्र का अविष्कार भी किया था जो अब भी बड़ा लोकप्रिय है। इसी वाद्ययंत्र को बजाकर वे आत्मिक सुख प्राप्त करते थे व दलित, पीड़ित समाज को संगठित करने का कार्य भी करते थे। ठीक वैसे ही जैसे भगवान श्रीकृष्ण अपनी बंशी से स्वांतः सुख व समाज सुख दोनों ही साध लेते थे। सूखे कद्दू से बना यह वाद्ययंत्र अब भी भारतीय संगीत जगत मे वनक्षेत्रों से लेकर बॉलीवुड तक बड़ी प्रमुखता से बनाया व बजाया जाता है। वस्तुतः बिरसा मुंडा की मूल कार्यशैली जनजातीय समाज को इसाइयों के धर्मांतरण से बचाने, अत्याचारों से समाज को बचाने, समाज मे व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने व शोषक वर्ग से समाज को बचाने की रही। भगवान बिरसा केवल जनजातीय समाज के नहीं अपितु समूचे ग्राम्य भारतीय समाज के नायक और रक्षक थे। भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण व अविभाज्य अंग रहा है जनजातीय समाज। मूलतः प्रकृति पूजक यह समाज सदा से भौतिकता, आधुनिकता व धनसंचय से दूर ही रहा है। बिरसा मुंडा भी मूलतः इसी जनजातीय समाज के थे। ह्लअबुआ दिशोम रे अबुआ राजह्व अर्थात अपनी धरती अपना राज का नारा दिया था वीर बिरसा मुंडा ने।

वीर शिरोमणि बिरसा का बलिदान दिवस यह स्मरण करने का अवसर है कि स्वतंत्र भारत मे अर्थात अबुआ दिशोम मे जनजातीय व वनवासी बंधुओं के साथ व उनकी संस्कृति के साथ क्या क्या षड्यंत्र हो रहे हैं? षड्यंत्र का सबसे बड़ा उदाहरण है समूचे भारत मे फैलाया जा रहा आर्य व अनार्य का विघटनकारी वितंडा और मूलनिवासी दिवस की विशुद्ध भ्रांतिपूर्ण अवधारणा। तथ्य यह है कि भारत मे जनजातीय समाज व अन्य जातियों की आकर्षक विविधता को विघ्नसंतोषी विघटनकारियों ने आर्य-अनार्य का वितंडा बना दिया। कथित तौर पर आर्य कहे जाने वाले लोग भी भारत मे उतने ही प्राचीन हैं जितने कि अनार्य का दर्जा दे दिये गए जनजातीय समाज के लोग। वस्तुतः वनवासी समाज को अनार्य और मूलनिवासी कहना ही एक अपशब्द की भांति है, क्योंकि आर्य का अर्थ होता है सभ्य व अनार्य का अर्थ होता है असभ्य। सच्चाई यह है कि भारत का यह वनवासी समाज पुरातन काल से ही सभ्यता, संस्कृति, कला, निर्माण, राजनीति, शासन व्यवस्था, उत्पादकता और सबसे बड़ी बात राष्ट्र व समाज को उपादेयता के विषय मे किसी भी शेष समाज के संग कदम से कदम मिलाकर चलता रहा है व अब भी चल रहा है। यह तो अब सर्वविदित ही है कि इस्लाम व ईसाइयत दोनों ही विस्तारवादी धर्म हैं व अपने विस्तार हेतु इन्होने अपने धर्म के परिष्कार, परिशोधन के स्थान पर षड्यन्त्र, कुतर्क, कुचक्र व हिंसा का ही उपयोग किया है। अपने इसी लक्ष्य की पूर्ति हेतु पश्चिमी विद्वानों ने भारतीय जातियो मे विभेद उत्पन्न करना उत्पन्न किया व द्रविड़ों को भारत का मूलनिवासी व आर्यों को बाहरी आक्रमणकारी कहना प्रारंभ किया। संस्कृत के कथित ज्ञाता मेक्समूलर ने आर्यन इन्वेजन थ्योरी का अविष्कार किया। मेक्समूलर ने लिखा कि आर्य एक सुसंस्कृत, शिक्षित, बड़े विस्तृत धर्म ग्रन्थों वाली, स्वयं की लिपि व भाषा वाली घुमंतू किंतु समृद्ध जाति थी। इस प्रकार मैक्समूलर ने आर्य इंवेजन थ्योरी के सफेद झूठ का पौधा भारत मे बोया जिसे बाद मे अंग्रेजी शिक्षा पद्धति ने एक बड़ा वृक्ष बना दिया। यद्यपि बाद में 1921 में हड़प्पा व मोहनजोदाड़ो सभ्यता मिलने के बाद आर्यन थ्योरी को बड़ा धक्का लगा किंतु अंग्रेजों ने अपनी शिक्षा पद्धति, झूठे इतिहास लेखन व षड्यन्त्र के बल पर इस थ्योरी को जीवित रखा। सबसे बड़ी खेद की बात यह है कि अंग्रेजों के जाने के पश्चात भारत मे एक बड़ा वर्ग ऐसा जन्मा जो कहने को तो भारतीय संतति ही है किंतु उसकी मानसिकता भारत विरोधी है। यह वर्ग सेकुलर, नक्सलवादी, माओवादी, बुद्धिजीवी, प्रगतिशील, जनवादी, आदि आदि नामों से आपको यहाँ वहाँ समाज सेवा के नाम पर समाज व देश को तोड़ते हुये बड़ी सहजता से मिल जाएगा। सिंधु घाटी सभ्यता की श्रेष्ठता को छुपाने व आर्य द्रविड़ के मध्य विभाजन रेखा खींचने की यह कथा बहुत विस्तृत चली व अब भी इस कथित विघ्नसंतोषी वर्ग द्वारा चलाई जा रही है, आज आवश्यकता इस बात की है कि वनवासी समाज में घुसपैठ कर रहे इस कालनेमी वर्ग को पहचानना और उनके देशविरोधी, समाज विरोधी चरित्र पर ढके हुये छदम आवरण को हटाना। कथित तौर पर जिन्हे आर्य व द्रविड़ अलग-अलग बताया गया उन दोनों का डीएनए परस्पर समान पाया गया है। दोनों ही शिव के उपासक हैं। एन्थ्रोपोलाजिस्ट वारियर एलविन ने जनजातीय समाज पर किए अध्ययन मे बताया था कि ये कथित आर्य और द्रविड़ शैविज्म के ही एक भाग है और गोंडवाना के आराध्य शंभूशेक भगवान शंकर का ही रूप हैं। माता शबरी, निषादराज, सुग्रीव, अंगद, सुमेधा, जांबवंत, जटायु आदि आदि सभी जनजातीय बंधु भारत के शेष समाज के संग वैसे ही समरस थे जैसे दूध मे शक्कर समरस होती है। प्रमुख जनजाति गोंड व कोरकू भाषा का शब्द जोहारी रामचरितमानस के दोहा संख्या 320 में भी प्रयोग हुआ है। मेवाड़ में किया जाने वाला लोक नृत्य गवरी व वोरी भगवान शिव की देन है जो कि समूचे मेवाड़ी हिंदू समाज व जनजातीय समाज दोनों के द्वारा किया जाता है। बिरसा मुंडा, टंटया भील, रानी दुर्गावती, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, अमर शहीद बुधू भगत, जतरा भगत, लाखो बोदरा, तेलंगा खड़िया, सरदार विष्णु गोंड आदि आदि कितने ही ऐसे वीर जनजातीय बंधुओं के नाम हैं जिनने अपना सर्वस्व भारत देश की संस्कृति व हिंदुत्व की रक्षा के लिये अर्पण कर दिया।

जब गजनी से विदेशी आक्रांता हिंदू आराध्य सोमनाथ पर आक्रमण कर रहा था तब अजमेर, नाडोल, सिद्ध पुर पाटन, और सोमनाथ के समूचे प्रभास क्षेत्र में हिंदू धर्म रक्षार्थ जनजातीय समाज ने एक व्यापक संघर्ष खड़ा कर दिया था। गौपालन व गौ सरंक्षण का संदेश बिरसा मुंडा जी ने भी समान रूप से दिया है। और तो और क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा का ह्लउलगुलानह्व संपूर्णतः हिंदुत्व आधारित ही है। ईश्वर यानी सिंगबोंगा एक है, गौ की सेवा करो एवं समस्त प्राणियों के प्रति दया भाव रखो, अपने घर में तुलसी का पौधा लगाओ, ईसाइयों के मोह जाल में मत फंसो, परधर्म से अच्छा स्वधर्म है, अपनी संस्कृति, धर्म और पूर्वजों के प्रति अटूट श्रध्दा रखो, गुरुवार को भगवान सिंगबोंगा की आराधना करो व इस दिन हल मत चलाओ यह सब संदेश भगवान बिरसा मुंडा ने दिये हैं।

# दीपावली पर भारतीयों ने खरीदे मेड इन इंडिया उत्पाद, चीन को हुआ एक लाख करोड़ का घाटा

इस वर्ष दीपावली त्यौहार के धनतेरस के दिन भारतीयों ने विभिन्न उत्पादों की जमकर खरीद की है। भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अब बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी कारण से वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में भारत की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के वृद्धिगत सकल घरेलू उत्पाद में भारत की भागीदारी 15 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। भारत ने अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। भारत में आज आम आदमी की आमदनी बढ़ रही है, आम आदमी की तरक्की जारी है एवं इसे और अधिक बेहतर बनाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। इसी के चलते भारतीय बाजारों में दीपावली के पावन पर्व पर भारी भीड़ एवं रौनक दिखाई दे रही है। भगवान धन्वन्तरि भारतीय नागरिकों पर जैसे धन की वर्षा करते नजर आ रहे हैं। भारत में धनतेरस के दिन किसी भी प्रकार के उत्पाद की खरीददारी को शुभ माना जाता है। विशेष रूप से बर्तन, गहने, वाहन एवं मकान आदि भारी मात्रा में खरीदे जाते हैं। इस वर्ष भारतीय बाजारों में एक और शुभ संकेत दिखाई दे रहा है कि भारतीय नागरिक ह्लवोकल फोर लोकलह्व एवं ह्लआत्म निर्भर भारतह्व जैसे विचार से सहमत होते हुए केवल भारत में निर्मित वस्तुओं की जमकर खरीद कर रहे हैं। रीयल एस्टेट सेक्टर, कार डीलर्स, जौहरियों एवं किराना व्यवसायियों की तो जैसे लॉटरी ही लग गई है।

इस वर्ष दीपावली त्यौहार में बाजारों में उमड़ रही भीड़ अपने आप में भारत की आर्थिक शक्ति बनने की कहानी कह रही है। भारतीय ग्राहकों में उत्साह दिख रहा है। ग्राहकों का उत्साह देखकर कारोबारी एवं व्यापारी भी खुश नजर आ रहे हैं। कन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज एसोसीएशन के अनुसार, इस वर्ष दीपावली के त्यौहारी मौसम में देश में 3.75 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। इस खरीद की विशेष बात यह रही है कि उपभोक्ताओं में चीन में निर्मित माल के स्थान पर भारत में ही निर्मित स्वदेशी सामान की जबरदस्त मांग देखने को मिली है। जबकि छठ पूजा एवं भैया दूज समेत अभी कई त्यौहार आना शेष है, इस प्रकार आगे आने वाले अन्य त्यौहारों के शुभ अवसर पर 50,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यापार होने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। उक्त संस्थान ने ह्लभारतीय उत्पाद- सबका उस्तादह्व नामक एक कैम्पेन भी भारत में, हाल ही में प्रारम्भ हुए त्यौहारी मौसम के दौरान, चलाया था, जिसका भारतीय नागरिकों पर जबरदस्त प्रभाव दिखाई दिया है। साथ ही इस वर्ष के त्यौहारी मौसम में चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपए के व्यापार का नुकसान हुआ है। क्योंकि, इसके पहले चीन में बनी वस्तुओं की भारतीय बाजारों में 70 प्रतिशत तक बिक्री होती थी परंतु इस वर्ष भारतीय बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की मांग इतनी अधिक थी कि चीन में निर्मित वस्तुओं की बिक्री बहुत ही कम हो गई है। इस वर्ष भारत में दीपावली से सम्बंधित सामान का चीन से आयात नहीं के बराबर हुआ है। एक अनुमान के अनुसार, इस 3.50 लाख करोड़ रुपए के व्यापार में 13 प्रतिशत खाद्य सामग्री एवं किराना की, 9 प्रतिशत ज्वेलरी की, 12 प्रतिशत टेक्स्टायल एवं गारमेंट की, 4 प्रतिशत ड्राई फ़्रूट, मिठाई एवं नमकीन की, 3 प्रतिशत होम डेकोर की, 6 प्रतिशत कास्मेटिक्स की, 8 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल की, 3 प्रतिशत भोजन सामग्री एवं पूजा वस्तुओं की, 3 प्रतिशत रसोई एवं बर्तन उपकरण की, 8 प्रतिशत गिफ्ट सामान की, 4 प्रतिशत फर्निशिंग एवं फर्निचर सामान की एवं 25 प्रतिशत ऑटोमोबील, हार्डवेयर सामान, खिलौने सहित अन्य अनेकों वस्तुओं एवं सेवाओं की भागीदारी रही है।

भारत में मकानों की बिक्री सम्बंधी आंकड़ों से भी आभास होता है कि भारत में मिडल एवं अपर मिडल क्लास वर्ग की संख्या बढ़ी है। रीयल एस्टेट से जुड़े कारोबारियों का मानना है कि इस वर्ष 1.5 लाख से अधिक लक्जरी और एफोर्डेबल घरों की बिक्री का रिकार्ड बन गया है। वर्ष 2023 की दीपावली के ठीक पूर्व के समय में 1.50 लाख घरों की बिक्री प्रदर्शित करती है कि भारत के नागरिकों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022 की दीपावली के पूर्व 1.47 लाख घरों की बिक्री हुई थी और वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 1.14 लाख रहा था। जनवरी 2023 से सितम्बर 2023 तक की अवधि में भी भारत में 2.30 लाख लक्जरी और एफोर्डेबल घरों की बिक्री हुई थी, जो पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत अधिक है। रीयल एस्टेट में बूम का मतलब है कि भारत तेज गति से तरक्की कर रहा है। भारत में आम लोगों की जेब तक पैसा पहुंच रहा है। त्यौहारी सीजन में उछाल सिर्फ रीयल एस्टेट सेक्टर में ही नहीं है, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी लगभग इसी प्रकार का त्यौहारी वातावरण दिखाई दिया है। अक्टूबर 2023 में भारत में 3.90 लाख चार पहिया वाहनों की बिक्री हुई है। जबकि 19 लाख के करीब दोपहिया वाहन भी बिके हैं। नवम्बर 2023 के त्यौहारी मौसम में 4.25 लाख चार पहिया वाहन एवं 20 लाख दो पहिया वाहन बिकने का अनुमान लगाया गया है। इसी प्रकार, एक अन्य अनुमान के अनुसार धनतेरस 2023 के दिन भारत में 50,000 करोड़ रुपए के सोने के आभूषणों की बिक्री हुई है। पिछले वर्ष धनतेरस के दिन 45,000 करोड़ रुपए के सोने के आभूषणों की बिक्री हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष सोने के आभूषणों की बिक्री में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। भारत में प्रत्येक क्षेत्र में विकास स्पष्टतः दिखाई दे रहा है। नागरिकों की जेब में पैसा पहुंचा है तभी तो भारत में उक्त वर्णित समस्त क्षेत्रों में भारी तादाद में बिक्री सम्भव हो पा रही है। शादी के मौसम की शुरूआत एवं नवरात्रि त्यौहार के शुरू होने के साथ ही भारत में त्यौहारी मौसम की शुरूआत हो जाती है। दिनांक 8 अक्टूबर से ऑनलाइन खुदरा बिक्री वेबसाइट फ्लिपकार्ट एवं अमेजोन, पर उत्पादों की बिक्री का विशेष त्यौहारी अभियान प्रारम्भ किया गया था और केवल चार दिन में ही केवल उक्त दो कम्पनियों की साइट पर 40,000 करोड़ रुपए का व्यापार कर लिया गया।

## ममता हुई तार-तार



मां की ममता तारतार हुई,  
सरेआम वह मां बदनाम हुई।  
दुश्मन को भी न मिले,  
ऐसी औलाद, गुहार लगाई  
आंखें हर पल रहतीं नम  
बेकसूर होकर सजा मैंने पाई  
पैदा कर उसे शर्म आई  
कोसने लगी बुरी किस्मत को  
काश घोट देती गला तेरा  
तो आज सड़क पर नंगी  
न होती वह अबला नारी  
कितने प्यार से, कितनी ममता से  
आंचल में छुपा कर  
पिलाया करती थी दूध तुझे  
याद कर सारा मंजर  
रोने लगती है फूट-फूट कर  
कितनी उम्मीद से पाला था  
कितने प्यार से समझाया था  
न मानी किसी की बात  
कर डाला ऐसा काम  
हो गये मां-बाप बदनाम  
तेरी इन हरकतों से  
आई आँच परवरिश पे  
मां की ममता तारतार हुई  
सरेआम वह बदनाम हुई।

**नसु एंजेल, नागपुर**

# गांधी के सपनों को साकार कर रही है सरकार : राज्यमंत्री गिरीशचंद्र




प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में आधुनिक पंचायत भवन का लोकार्पण प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव ने किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक सचिवालय से जनता को काफी सहूलियत मिलेगी और ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी जनप्रतिनिधि इसी सचिवालय पर मौजूद रहकर जनता का काम करेंगे। उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया। स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव ने सरायख्वाजा में ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह द्वारा बनाए गए आधुनिक पंचायत भवन का लोकार्पण किया। राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव ने कहा कि गांव में सचिवालय या आधुनिक पंचायत भवन बने जहां अधिकारी ग्राम पंचायत भवन मे बैठकर जनता का काम करें ।उन्हें मुख्यालय से लेकर लखनऊ दिल्ली तक न भटकना पड़े । आज पीएम मोदी मुख्यमंत्री योगी की सरकार महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर रही है ।आधुनिक सचिवालय या पंचायत भवन का निर्माण कर रही है। जिसमें सप्ताह में क्रमवार ग्राम स्तर के अधिकारी व जनप्रतिनित बैठकर जनता का काम निबटाएंगे। यहीं से सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। गांव मे जो मूलभूत सुविधाएं हैं वह सरकार दे कर विकास कर रही है। उन्होंने सदर विधानसभा में सड़कों के बिछाए गए जाल को प्रमुख विकास कार्य बताया और कहा कि अब गांव में सड़क ट्रांसफार्मर हैंड पंप का विकास हुआ है और आगे भी होगा । कहा कि सिद्धिकपुर से जमुआही मार्ग के लिए 18 करोड़ का बजट की मंजूरी मिल गई है यह सड़क जल्दी ही नए तरीके से बनेगी । इसके अलावा एक दर्जन सड़के प्रस्तावित है। जिससे अब हर गांव में घर-घर से सड़के जुड़ जाएंगे।

पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने सरकार के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा सरका हर तरह की सेवाएं गांव के घर-घर तक उपलब्ध कराएगी। उन्होंने सराय ख्वाजा के ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह के द्वारा कराए गए विकास कार्य की जमकर सराहना की,कहा कि अब गांव शहर जैसे हो रहे हैं अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह ने कहा कि गांव को हम सभी सुविधाओं से परिपूर्ण कर प्रदेश का नंबर एक गांव बनाएंगे । भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय सिंह " खर्चू "ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन खेतासराय मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि डॉ रामसूरत मौर्य, ब्लॉक प्रमुख करंजाकला के प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, राजकेसर पाल, सूबेदार सिंह,वीडीओ सोधी जितेंद्र सिंह ,कंचन सिंह, दुर्गेश सिंह, हीरा सिंह ठाकुर, प्रशांत सिंह दीपक, संतोष सिंह, रामानंद यादव , राजाराम जायसवाल, अजीत यादव, राजकेशर मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## साहब... आलू मूँह में ठूस कर मारता पीटता है पति, पति ने गर्भवती पत्नी को दिया तीन तलाक

प्रखर शाहगंज जौनपर। तीन तलाक पर देश मे कानून बनने के बाद भी कहीं न कहीं ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिल जाती है ।जिसमे पीड़िता को मानसिक और आर्थिक और न जाने कितनी ही यातनाओं ने रूबरू होना पड़ता है। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र से सटे एक गाँव का जहां एक युवक ने अपनी गर्भवती पत्नी को कानून नियम को ताक पर रख कर तीन तलाक दे दिया ।और इस मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता मंगलवार को डीएसपी के ऑफिस पर अपनी फरियाद लेकर पहुँचीं। जहां डीएसपी के न मिलने पर पुलिस वालों को अपनी आपबीती बताई। पीड़िता का आरोप है उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ही एक गांव में हुई थी ।शादी के बाद जब से वह अपने ससुराल से आई तब से उसका पति कुछ काम धाम नही करता और मायके से रुपये मंगाने का दबाव बनाता है एवं दहेज के लिए तरह तरह से प्रताड़ित करता है आरोप है की उसका पति बर्बरता की हदें पार करते हुए मूँह में आलू ठूस कर मारता पीटता है ।किसी तरह सहन करते करते तीन साल बीत गए जिसके दौरान एक दो वर्ष का बच्चा भी है। जब जुल्म हद से ज्यादा हो गया। तो पुलिस के चौखट पर फरियाद लेकर पहुँची है ।विवाहिता के अनुसार वह गर्भवती है ।और उसके पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया है। बताया जाता है की पुलिस एक सप्ताह का समय देकर दोनों पक्षों को सुलह समझौता हेतू भेज दिया है।

## मोतियाबिंद के समस्त मरीजों का होगा निःशुल्क ऑपरेशन : सीडीओ हिमांशु नागपाल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बृहस्पतिवार को स्वस्थ दृष्टि समृद्ध काशी योजना की समीक्षा वर्चुअल बैठक के माध्यम से की` बैठक में जूम मीटिंग से शहर व ग्रामीण के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व बीडीओ और श्री सद्गुरु सेवा संघ से "स्वस्थ दृष्टि समृद्ध काशी" परियोजना के तहत अभी तक हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व से चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों में से प्रति सप्ताह 100 केस निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजे जाएं। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में जनहित में श्री सद्गुरु सेवा संघ द्वारा पूर्व में स्क्रीनिंग कैम्प लगा कर शहरी क्षेत्र में 5829 मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया गया था जिसमें से अब तक 1803 केस का निःशुल्क ऑपरेशन चित्रकूट में स्थापित अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सालय में सुविधा जनक तरीके से ले जाकर फेको विधि से कर दिया गया है इसी तरह से ग्रामीण क्षेत्र के भी सभी ब्लॉक से अब तक 13150 मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित हुए है और अब तक 3959 केस का ऑपरेशन हो चुका है उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक से माह में दो बार मरीजों को चित्रकूट हॉस्पिटल ले जाने के लिए एसी बस की विशेष व्यवस्था किया गया है उन्होंने सभी ग्रामीण ब्लॉक प्रभारियों कों निर्देश दिया कि प्रत्येक माह उनके ब्लॉक सीएचसी पर दो कैम्प लगाए जायेंगे और उसमे ज्यादा से मोतियाबिंद के मरीजों कों पंजीकृत कर उनका निःशुल्क ऑपरेशन कराने में सहयोग किया जाये। शहरी क्षेत्र में भी अर्बन पीएचसी मेडिकल ऑफिसर अपने वार्ड के सभासदों के साथ बैठक कर उनका सहयोग लें। ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ व ब्लॉक चिकित्सा अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, आशा, एएनएम के साथ समन्वय स्थापित कर बैठक करें और समस्त मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित करते हुए उनका निःशुल्क ऑपरेशन कराएं। उन्होंने कहा कि जनहित के उक्त कार्यक्रम में किसी भी तरह लापरवाही न बरती जाये और माह दिसम्बर तक सभी छूटे हुए चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाये इस जनहित के नेक कार्य में सभी चिकित्सा प्रभारियों व बीडीओ को उन्होंने निर्देश दिया कि वह प्राथमिकता के आधार पर उक्त कार्य में सहयोग करें। बैठक में सीएमओ डॉ संदीप चौधरी, एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ संजय राय, विजय सिंह सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व बीडीओ जुड़े रहे।

## बेचू वीर मेला 21 नवंबर से व्यवस्थाओं के लिए व्यवस्थापक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। बेचूवीर का ऐतिहासिक तीन दिवसीय मेला 21 नवंबर से जंगल महल ग्राम पंचायत के बरही गांव में स्थित बेचू वीर की ऐतिहासिक चौरी पर लगेगा। इस तीन दिवसीय मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए बेचूबीर चौरी के व्यवस्थापक रोशन लाल यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मेला स्थल पर पुजारी एव परिजनों की सुरक्षा किए जाने सहित मेले में प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा, सफाई की व्यवस्था कराए जाने की मांग किया है । रोशन लाल यादव ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि मिजार्पुर जनपद के राजगढ़ विकासखंड में स्थित जंगल महल के बरही गांव में बेचू वीर की ऐतिहासिक चौरी स्थित है जहां लगभग 300 वर्षों से बेचू वीर का विशाल मेला लगता है मेले में तीन दिनों तक भारी भीड़ होती है । इस वर्ष यह मेला 21 नवंबर से लेकर 23 नवंबर तक चलेगा। रोशन लाल यादव ने अपने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी ,पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों को पत्र की पत्र लिपि देते हुए लिखा है कि बेचू वीर का ऐतिहासिक मेला कार्तिक अष्टमी से लेकर एकादशी की भर तक चलता है जिसमें भारी संख्या में लोग आते हैं। बता दें कि बेचू बीर के इस ऐतिहासिक मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से लोग प्रेत बाधा से मुक्ति एवं पुत्र प्राप्ति की कामना को लेकर आते हैं और बेचू वीर बाबा की चौरी पर माथा टेकर अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। बेचू वीर का यह स्थान चारों तरफ से पहाड़ियों से घिरा होने के कारण नक्सली प्रभावित एवं काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर स्थित अहरौरा से लगभग 15 किलोमीटर पश्चिम की तरफ स्थित जंगल महाल के बरही गांव में लगने वाले इस मेले में प्रकाश पेयजल चिकित्सा तथा सफाई की समूचित व्यवस्था के लिए प्रशासनिक तैयारी मेला शुरू होने से पूर्व ही होने लगती है। बेचू वीर के वंशज एव व्यवस्थापक रोशन लाल यादव ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बेचू बीर से संबंधित आयोजन की जानकारी देते हुए प्रकाश ,पेयजल, चिकित्सा ,सफाई सहित बेचूबीर के पुजारी एव वंशज बृजभूषण यादव सहित उनके परिवार के सुरक्षा की मांग किया है ।



**राज्य मंत्री संजीव गोड ने भी लिखा जिलाधिकारी को पत्र**- उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री समाज कल्याण अनुसूचित जाति जनजाति संजीव कुमार गौड़ ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बेचूबीर मेला को सकुशल संपन्न कराने एवं मेले में प्रकाश पेयजल चिकित्सा सफाई सहित पुजारी बृजभूषण यादव एवं उनके परिजनों की सुरक्षा किए जाने को कहा है।

## केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने की मुख्यमंत्री योगी से अपील- बढ़ते मरीजों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर मीरजापुर ज़िले में जनपदस्तरीय महिला एवं पुरुष चिकित्सालय की हो स्थापना

प्रखर मीरजापुर। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री एवं मीरजापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने जनपद में बढ़ते मरीज, मां विंध्यवासिनी के पवित्र धाम विंध्याचल में श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई संख्या एवं जनपद में बढ़ते रोजगार के मद्देनजर जनपद मुख्यालय के आसपास एक जनपदस्तरीय महिला एवं पुरुष चिकित्सालय की स्थापना हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आग्रह किया है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने कहा है कि विंध्याचल मंडल के अंतर्गत आने वाले मीरजापुर, सोनभद्र व भदोही तीनों जनपदों का संयुक्त मंडल मुख्यालय मीरजापुर है, फलस्वरूप तत्समय इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां पर स्थित जिला चिकित्सालय को उन्नत कर मंडलीय चिकित्सालय में परिवर्तित कर दिया गया था, जिसको वर्तमान में मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज मीरजापुर से भी जोड़ दिया गया है। इस कारण वर्तमान में यहां पर पूरे मंडल से मरीजों की अत्यधिक संख्या आने लगी है, जिससे विशेष रूप से मीरजापुर जनपदवासियों को चिकित्सा संबंधी आवश्यक व आकस्मिक जनसामान्य की सुविधाएं पर्याप्त नहीं मिल पा रही है। केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि शीघ्र ही मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं की भी संख्या मर भारी वृद्धि होने की संभावना है, जिससे जनपद में स्वास्थ्य संबंधी ढांचे को और मजबूत करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने माननीय मुख्यमंत्री से आग्रह के साथ कहा है कि विकास की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे इस पिछड़े जनपद में जन सामान्य तक पर्याप्त सुविधाओं को पहुंचाने हेतु भी आवश्यक हो गया है कि यहां पर जनपद मुख्यालय के आसपास एक अलग जनपद स्तरीय महिला एवं पुरुष चिकित्सालय बनवाया जाए। अतः जनपद मीरजापुर के इस स्वास्थ्य संबंधी विशेष समस्या को ध्यान में रखते हुए जनहित में जनपद मीरजापुर में अलग-अलग जनपद स्तरीय महिला एवं पुरुष चिकित्सालय की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

## विश्व सी.ओ.पी.डी दिवस पर जन जागरुकता रैली निकालकर ब्रेथ ईजी ने किया लोगों को जागरूक, बच्चे,बूढ़े और जवान सभी के फेफड़े हो रहे बेजान : डॉ. एस.के पाठक




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ब्रेथ ईजी चेस्ट अस्सी वाराणसी द्वारा विश्व सी.ओ.पी.डी दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 8 बजे एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया इस जन जागरूकता रैली की शुरूआत डॉ एस. के पाठक (वरिष्ठ टी.बी, श्वांस एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ) डा स्वप्निल पाठक व डा सुनीता पाठक (निदेशिका, ब्रेथ ईजी) ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया` ब्रेथ ईजी अस्सी, वाराणसी से शुरू की गयी स्वास्थ्य जन जागरूकता रैली , अस्सी घाट सुबह बनारस मंच से लोगो को दमा बिमारी के बारे में बताया साथ योगा के माध्यम से लोगो फेफड़े कैसे मजबूत किया जा सकता है इसकी जानकारी भी दिया गया` विश्व सी.ओ.पी.डी. दिवस पर ब्रेथ ईजी का संकल्प है कि दमा जैसे बीमारी से दूर रहे साथी साथ लोगों को अवेयर करते हुए कहां की बीड़ी सिगरेट गांजा जैसे नशा पदार्थ न करें ये नशा दमा कैंसर जैसी बीमारियों को न्योता देता है इस जागरूकता रैली के द्वारा लेंस चेकअप वैन भी निकाली गई` ये लेंस चेकअप वैन शहर के प्रमुख जगह जैसे लंका,रविंद्रपुरी, गदौलिया, रामनगर,जैसे भीड़ इलाको में लगाई जायेगी` ब्रेथ ईजी ने सकल्प के साथ - साथ ये भी कहा की हर शुक्रवार को ओपीडी फ्री मे किया जायेगा जिसे गरीब जैसे लोग अपना चेकअप करा सके आप को बता दे की कई वर्षो लगातार ये कार्य किया जाता रहा है ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, अस्सी, वाराणसी के वरिष्ठ टी.बी, एलर्जी, श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ एस. के पाठक ने बताया कि दिवाली के बाद पलुशन लेबल बढ़ जाता है जो हवा में मिलकर ज्यादा खतरनाक हो जाता है और ये लेंस में जाकर कफ बलगम गले में खराश आना शुरू हो जाता है सी.ओ.पी.डी दमा दिवस पर डॉक्टर एस के पाठक ने बताया की आज वायु प्रदूषण दुनिया की एक बड़ी समस्या में से एक है कई बीमारियों का कारण वायु प्रदूषण है ये एलर्जी और फेफड़े की अन्य बीमारियों का मुख्य कारण वायु प्रदूषण ही है` 15 सबसे प्रदूषित शहरों में 14 शहर भारत के हैं इनमें अपना बनारस तीसरे सबसे प्रदूषित शहर है इससे बचने के लिये लोगो को बताया की रोज व्याम योगा सभी को करना जरुरी है` इस रैली में शहर के 100 से भी ज्यादा युवा, सम्मनित नागरिक व ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया` रैली के तदोपरांत डॉ. एस.के पाठक एवं डा स्वप्निल पाठक के नेतृत्व में मोबाइल लंग्स चेकअप वैन द्वारा व मोबाइल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे ब्रेथ ईजी वैन वाराणसी के प्रमुख चौराहों पर गयी व वहां के जनता की फेफड़ो की जाँच कंप्यूटर मशीन द्वारा की गयी इनमे कुल 1200 से भी अधिक लोगो के फेफड़ो की क्षमता मापी गयी जिसमे 500 से भी अधिक लोग श्वांस व एलर्जी रोग से ग्रसित पाए गए इन मरीजों को ब्रेथ ईजी में निःशुल्क परामर्श के लिए दिन शुकवार को बुलाया गया` ये ब्रेथ ईजी वैन तीन दिन तक लगातार वाराणसी कि जनता का अलग अलग रूट पर जाकर फेफड़ो कि क्षमता निःशुल्क नापेगी दिन शनिवार को एक दमा पर एक मेडिकल सेमिनार का आयोजन जनरल प्रैक्टिशनर को दमा बिमारी के बारे में अपडेट किया जाएगा डॉ पाठक ने बताया कि ब्रेथ ईजी जन जागरूकता के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाता रहता हैं जिसमे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, क्लिनिक, जन जागरूकता रैली, मोबाइल कैंप प्रमुख हैं` डॉ. पाठक के नेतृत्व में हुई इस जन जागरूकता रैली में सुनील उपाध्याय, अभिषेक केशरी, अश्विन पाठक, अखिलेश, विनीत, रतन, संजय व ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य सम्मलित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने अवैध असलहा दिखा कर लोगों में धौस जमाने वाले को युवक को असलहा संग गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। फूलपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सुरही मोड़ के पास से इंदल यादव पुत्र स्व0 बाबा यादव निवासी ग्राम छुवलिया फूलपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से एक देसी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना फूलपुर पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत युवक को जेल भेज दिया। युवक को गिरफ्तार कर करने वाले एसआई संग्राम यादव व पवन यादव ने बताया कि इसके ऊपर मारपीट के मुकदमे थे।

### कक्षा शिक्षण को बोधात्मक बनाये शिक्षक : डायट प्रवक्ता



प्रखर पिंडरा वाराणसी। प्राथमिक विद्यालयों के छात्रो को निपुण बनाने के साथ उनके अंदर बोधात्मक ज्ञान की समझ पैदा करना शिक्षकों का दायित्व है। उसे बिना बच्चों का सम्पूर्ण विकास नही होगा। उक्त बातें डायट प्रवक्ता अरविंद सिंह ने गुरुवार को पिंडरा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय पिंडरा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय जमापुर व पूर्व माध्यमिक विद्यालय थाना के शैक्षणिक स्थिति जानने के बाद शिक्षकों को जागरूक करते हुए कही। उन्होंने कहाकि जब तक छात्र का ज्ञान बोधात्मक रूप से मजबूत नही होगी तब तक उनका सर्वांगीण विकास संभव नही है। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय जमापुर में एमडीएम के तहत बन रहे दाल रोटी के गुणवत्ता को परखा और निपुण की स्थिति का अवलोकन करते हुए कक्षा शिक्षण कार्य कर बच्चों को लघुत्तम समापवर्तक व महत्तम समापवर्तक को ज्ञात करने के टिप्स बताये और शिक्षकों को बच्चे के बीच कॉन्सेप्ट को स्पष्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षण के दौरान टीएलएम व पेपर चार्ट का प्रयोग करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान कक्षा शिक्षण बेहतर व विद्यालय को निपुण बनाने पर जोर दिया। डायट प्रवक्ता ने शिक्षकों के साथ लेशन प्लान कर शिक्षण कार्य करने के निर्देश दिया। इस दौरान समस्त प्रधानाध्यापक व शिक्षक उपस्थित रहे।

### करीमुद्दीनपुर पुलिस ने किया रिवाल्वर व कारतूस संग 01 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मुहम्मदबाद के निकट पर्यवेक्षण में बुधवार को उ0नि0 श्रीकान्त यादव मय हमराह का0 रामराज व का0 शारदा प्रसाद मय सरकारी वाहन जीप यूपी 61G0322 चालक का0 अनन्त मौर्या के देखभाल क्षेत्र , रात्रि गस्त, तलाश वांछित , चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति में मामूर होकर करीमुद्दीनपुर बाजार में मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर शेरमठ पुलिया/अंडर पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से अभियुक्त शिवम यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी ग्राम शेरपुर थाना भाँवरकोल जनपद गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष को मय एक अदद रिवाल्वर देशी .38 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.38 बोर के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्र थाना करीमुद्दीनपुर, उ0नि0 श्रीकान्त यादव, का0 रामराज थाना करीमुद्दीनपुर, का0 शारदा प्रसाद थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

### पत्रकारिता है तो लोकतंत्र जिंदा है - प्रमोद वर्मा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज प्रेस दिवस पर व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमोद वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता है तो लोकतंत्र जिंदा है। वर्मा ने कहा पत्रकारिता के ऊंचे आदर्श स्थापित करने व प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने के उद्देश्य से 4 जुलाई 1966 को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना की गई थी, लेकिन इस परिषद ने 16 नवम्बर 1966 से विधिवत तरीके से काम करना शुरू किया था। इस कारण हर साल 16 नवम्बर को राष?ट्रीय प्रेस डे मनाया जाता है। वर्मा ने कहा यह दिन पत्रकारों को सशक्त बनाने के लिए खुद को समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है। हर देश का मूल्यांकन पाँच प्रासंगिक संकेतकों के उपयोग से किया जाता है, जिसमें राजनीतिक , कानूनी ढँचा, आर्थिक , सामाजिक-सांस्कृतिक और सुरक्षा संदर्भ शामिल रहते है। प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स?तंभ कहा और माना जाता है। प्रेस की ताकत के कारण बड़ी सी बड़ी सरकार भी गलत काम करने से बचती है, क्योंकी उन्हें पता रहता की अगर वो कोई गलत काम करेंगे तो प्रेस उनके गलत कामों को दुनिया के सामने ला देगी,जिसे उस सरकार की छवी पर असर पडेगा। प्रेस आम आदमी की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखता है। इस मौके पर कमलेश यादव, वेद प्रकाश पांडेय, उपेंद्र कुमार, रमेश सोनी, सुरेश पांडेय सहित प्रमुख पत्रकार व उमाशंकर यादव, इंद्रदेव कुशवाहा, धर्मवीर राजभर, अजय विक्रम, राजेश जायसवाल सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### नए मतदाता बढ़ाने पर उप निर्वाचन अधिकारी ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण से संबन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों की उपस्थित मे संम्पन्न हुआ। बैठक मे उन्होने राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों को शेष चार विशेष अभियान की तिथियां 25 व 26 नवम्बर एवं 02 व 3 दिसम्बर 2023 की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 27 अक्टूबर से 15 नवम्बर 2023 तक प्राप्त फार्म 6, 7, व फार्म 8 सूची राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होने बताया कि इन तिथियों मे अब तक समस्त विधान सभा क्षेत्रो में फार्म 6 के 27961, फार्म 7 के 13524 व फार्म 8 के 4569 फार्म प्राप्त हुए है। उन्होने बताया कि बूथ लेवल एजेन्ट द्वारा एक बार में दस फार्म तथा पुनरीक्षण अवधि मे कुल 30 फार्म अपने से सम्बन्धित बूथ पर जमा किया जा सकता है। उन्होने राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों से आयोग द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार निर्धारित प्रारूप पर विधान सभावार मतदेय स्थलों के आधार पर बीएलए की नियुक्ति कर उपलब्ध कराने को कहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों से पुनरीक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन द्वारा कराये जा रहे कार्यो की कार्य प्रणाली पर यदि किसी को कोई कमियां या सुझाव हो तो बताने का आग्रह करे जिसे समय रहते सही करा लिया जाये।

# आईईसी वैनों से दिया जाएगा सरकार के प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों का संदेश

## झारखंड के खूंटी से पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जयंती के दिन, जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई। सरकार के प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों के संदेश प्रचारित करने वाली पांच विशेष रूप से डिजाइन की गई आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन खूंटी जिले और आसपास के क्षेत्रों में स्थित बड़ी आदिवासी आबादी वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों से रवाना की गईं। इसी तरह की आईईसी वैनों को देश भर के बड़ी आदिवासी आबादी वाले 68 जिलों से राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों जैसे महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने गुजरात के दाहोद में कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री बिश्वेश्वर टुडू ने ओडिशा के मयूरभंज जिले से विकसित भारत अभियान वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### देश की बड़ी जनजातीय आबादी वाले दूरस्थ क्षेत्रों में आईईसी वैनों को किया रवाना




### 25 जनवरी 2024 तक चलेगा अभियान

विकसित भारत अभियान, जोकि अब तक की सबसे बड़ी संपर्क (आउटरीच) पहलों में से एक है, का लक्ष्य अंततः 25 जनवरी 2024 तक देश के हर जिले से गुजरते हुए 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 3,600 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है। इस पूरे अभियान की योजना और कार्यान्वयन राज्य सरकारों, जिला अधिकारियों, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी एवं संलग्नता के साथ संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण से किया जा रहा है।

### कवर किए जाने वाले विषय

- इस यात्रा में मुख्य ध्यान लोगों से संपर्क करने, उनमें जागरूकता पैदा करने और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर को सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल इत्यादि जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर होगा।
- जिन योजनाओं को प्रचारित किया जाएगा उनमें आयुष्मान भारत, पीएजेएवाई प्रधानमंत्री बालिका कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी); प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल
- जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो उर्वरक आदि शामिल हैं।
- सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन, छात्रवृत्ति योजनाएं, वन अधिकार स्वामित्व-व्यक्तिगत एवं सामुदायिक भूमि, वन धन विकास केन्द्र- स्वयं सहायता समूहों को संगठित करने जैसी जनजातीय क्षेत्रों की विशिष्ट चिंताओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।
- इन आईईसी वैनों की ब्रांडिंग और अनुकूलन इस तरह किया गया है ताकि राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर प्रमुख योजनाओं, विशेषताओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली हिंदी और राज्य भाषाओं की फ्लैगशिप स्टैंडीज़, ब्रोशर, पैम्फलेट के जरिए प्रसार हो सके।
- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करने, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ओडीएफ प्लस की स्थिति जैसी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने, ड्रोन का प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिविर जैसे विभिन्न जन भागीदारी कार्यक्रम जमीनी गतिविधियों का हिस्सा बनेंगे।

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने बुधवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उरी सेक्टर में सेना और पुलिस के संयुक्त बलों ने घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा,''भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सतर्क जवानों ने उरी सेक्टर, बारामूला में एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है।

## द. कोरिया में चार वाहन निर्माता 11,000 वाहन वापस बुलाएंगे

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में चार घरेलू और विदेशी वाहन निर्माता विनिर्माण दोषों के कारण स्वेच्छा से लगभग 11,000 वाहनों को वापस बुलाएंगे। भूमि, बुनियादी ढांचा और परिवहन मंत्रालय के अनुसार मर्सिडीज-बेंज कोरिया दोषपूर्ण ईंधन पंप घटक के लिए ई 250 सेडान सहित 14 मॉडलों की 9,528 इकाइयों को वापस बुलाएगा, साथ ही स्टार्टर और जनरेटर में खराब वायरिंग कनेक्शन के लिए मर्सिडीज-एएमजी एसएल 63 4मैटिक प्लस की 329 इकाइयों को वापस लेगा।

## नहीं रहे शंकरैया, 102 वर्ष की उम्र में हुआ निधन

**चेन्नई।** उत्पीड़ित और श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले माकपा के दिग्गज नेता एन. शंकरैया का बुधवार को निधन हो गया। वह 102 वर्ष के थे। श्री शंकरैया को कुछ दिन पूर्व एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। श्री शंकरैया पहले भाकपा और माकपा के सदस्य रहे। वह एक स्वतंत्रता सेनानी थे और तमिलनाडु विधानसभा में विधायक के रूप में चुने गए थे।

## मसूद अजहर के करीबी के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सुरक्षाबलों पर हमला कर जम्मू-कश्मीर की शांति को भंग करने के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। एनआईए ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर अल्वी का दाहिना हाथ माने जाने वाले मुहम्मद दिलावर इकबाल और कुपवाड़ा निवासी मोहम्मद उबैद मलिक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने बयान में कहा कि पीओके के अब्बासपुर निवासी मुहम्मद दिलावर इकबाल ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में युवाओं को आतंकवादी कृत्यों के लिए उकसाने के लिए भड़काऊ भाषण दिए थे।

## आज का इतिहास

- 1821: मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
- 1908: जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई।
- 1915: प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा का निधन।
- 1931: भारतीय क्रिकेट अंपायर आर रामचंद्र राव का जन्म।
- 1947: टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
- 1973: भारत के प्रसिद्ध शटलर खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद का जन्म।
- 1975: पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1995: भारतीय मूल के वासुदेव पाण्डे त्रिनिदाद एवं टौबेगो के प्रधानमंत्री बने।
- 1997: चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता जिंग शेंग 18 वर्ष बाद रिहा किये गए।

# रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा, ड्रिलिंग मशीन में आई तकनीकी खराबी

## उत्तरकाशी टनल हादसा, 90 घंटे से फंसे हैं 40 मजदूर

**उत्तरकाशी।** चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना के अंतर्गत यमुनोत्री राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन के बाद तीन दिन से फंसे सभी 40 श्रमिक सुरक्षित हैं। इन श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चल रहे खोज बचाव अभियान में कई तरह की बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। पहले कैविटी वाले क्षेत्र से लगातार गिरा और मलबे ने राह रोकी।



मंगलवार की रात ऑगर ड्रिलिंग मशीन से एस्केप टनल तैयार करने का काम शुरू हुआ। मशीन के जरिए मलबे के बीच करीब तीन मीटर पाइप भी डाला गया। अचानक मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। भले ही यह बताया जा रहा है कि मशीन के कुछ कलपुर्जे टूट गए हैं। रात्रि ड्यूटी इंचार्ज इंजीनियर अमन बिष्ट ने कहा कि रात के समय जब ऑगर ड्रिलिंग मशीन का संचालन शुरू हुआ तो मशीन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई। अब दूसरी ऑगर ड्रिलिंग मशीन बनाई जा रही है।

### कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई, इस वजह से हुआ भूस्खलन

उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग के निर्माण में लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। सुरंग के जिस संवेदनशील हिस्से में भूस्खलन हुआ वहां उपचार के लिए गार्टर रिब की जगह सरियों का रिब बनाकर लगाया गया है। सुरंग निर्माण से जुड़े लोगों का कहना है कि यहां गार्टर रिब लगाया गया होता तो भूस्खलन नहीं होता। सुरंग के एक मशीन ऑपरेटर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी से जुड़े लोगों की लापरवाही से आज 40 लोगों का जीवन संकट में है।

### शायद नहीं होता हादसा

बताया कि सिलक्यारा सुरंग के मुहाने से 200 मीटर अंदर जहां भूस्खलन हुआ है वह हिस्सा संवेदनशील है जिसमें गार्टर रिब की जगह 32 एमएम की सरियों से बना रिब लगाया गया। जो कि मलबे का दबाव नहीं झेल पाया। बताया कि यहां गार्टर रिब लगाया गया होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।

# वकील देहाद्राई का दावा-महुआ ने रोलेक्स घड़ी और फर्नीचर लिए

**नई दिल्ली**

संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने (कैश फॉर क्वेरी) के मामले में सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा पर नए आरोप लगाए हैं।

देहाद्राई ने मंगलवार (14 नवंबर) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- संसद में जो सवाल पूछे गए, वो दुबई में बनाए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्द वाले भाषण दिल्ली के कैनिंग लेन में लिखे गए थे। देहाद्राई ने दावा किया कि संसद में सवाल पूछने के बदले महुआ ने 2 करोड़ कैश के अलावा रोलेक्स घड़ी और फर्नीचर भी लिए थे। उन्होंने लिखा- जब भूलने की बीमारी खत्म हो जाएगी तो फर्नीचर और रोलेक्स को छोड़कर 2 करोड़ रुपए भी मिलेंगे। देहाद्राई ने टीएमसी सांसद को पैथोलॉजिकल लायर (जिसे झूठ बोलने की बीमारी हो) बताया। उन्होंने कहा- पैथोलॉजिकल लायर को बताना चाहिए कि संसद में पूछे जाने वाले सवाल मिस्ट्री टाइपिस्ट को कैसे भेजे गए।

### कैश फॉर क्वेरी मामले में कहा- मोदी के खिलाफ दिल्ली में भाषण लिखे गए

### महुआ ने पीएम मोदी पर देश को बांटने का आरोप लगाया था

महुआ ने 10 अगस्त को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भाषण दिया था। मणिपुर हिंसा पर महुआ ने कहा था- पीएम मोदी हमारी बात नहीं सुनेंगे। वो तो लास्ट दिन आएंगे और बस आप सबकी धज्जियां उड़ाकर जाएंगे। महुआ ने भाषण के दौरान एक शायरी पढ़ी और पीएम मोदी पर देश को बांटने का आरोप लगाया।

### क्या है पूरा मामला

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 15 अक्टूबर को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने महुआ पर आरोप लगाए थे कि महुआ ने संसद में सवाल पूछने के लिए बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से 2 करोड़ रुपए और महंगे तोहफे लिए थे। इस मामले को स्पीकर ने एथिक्स कमेटी को भेज दिया। निशिकांत ने 21 अक्टूबर को महुआ पर एक और गंभीर आरोप लगाया। निशिकांत ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा- कुछ पैसों के लिए एक सांसद ने देश की सुरक्षा को गिरवी रख दिया।

# दिल्ली के सीएस को केजरीवाल ने की हटाने की सिफारिश

### उन पर 897 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप, केजरीवाल ने कहा, सीबीआई-ईडी को भी रिपोर्ट भेजेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार को हटाने की सिफारिश की है। केजरीवाल ने बुधवार को स्न विनय कुमार सक्सेना को चिट्ठी लिखकर कुमार पर 897 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

केजरीवाल ने बताया कि उन्हें नरेश कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी। 11 नवंबर को मामले की जांच के आदेश दिए गए थे। विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी ने 3 दिनों में जांच करवाकर 14 नवंबर को रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को एलजी सक्सेना को लेटर लिखकर नरेश कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की। उन्होंने लेटर के साथ जांच रिपोर्ट भी एलजी को भी भेजी है। केजरीवाल ने अपनी विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी को निर्देश दिया कि वो जांच रिपोर्ट सीबीआई और ईडी को भी भेज दें।

### आतिशी की रिपोर्ट में क्या है

आतिशी ने जांच में पाया कि द्वारका एक्सप्रेस-वे के लिए बामनोली गांव की जमीन का अधिग्रहण होना था। बीते 5 साल में इस जमीन का तय मुआवजा 9 गुना तक बढ़ गया। इस जमीन के मुआवजे से जिस व्यक्ति को फायदा हो रहा था, उसके दामाद की कंपनी में चीफ सेक्रेटरी का बेटा करण चौहान काम करता है।साथ ही चीफ सेक्रेटरी ने बेटे से जुड़ी कई कंपनियों को सरकारी ठेके दिए और अब इनकी भी जांच होगी। जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस मामले में 897 करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार किया गया है। आतिशी ने मंगलवार को ष्टरूकेजरीवाल को इस मामले में 650 पेज की जांच रिपोर्ट सौंपी। इसमें आतिशी ने बामनोली भूमि अधिग्रहण में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए ईडी और सीबीआई से जांच करने की मांग की है।

# ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट ने सुनक सरकार की रवांडा शरण नीति को गैरकानूनी करार दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सरकार को बड़ा झटका देते हुए प्रवासियों को रवांडा भेजने की योजना को गैरकानूनी बताते हुए कहा कि इससे प्रवासियों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। देश की सर्वोच्च अदालत ने सर्वसम्मत निर्णय जारी करते हुए कहा कि यह नीति शरण चाहने वालों को दुर्व्यवहार के जोखिम में डाल देगी, क्योंकि रवांडा में उतरने के बाद उन्हें उनके गृह देशों में वापस भेजा जा सकता है।

सुनक, जिन्होंने इंग्लिश चैनल के पार छोटी नावों में ब्रिटेन पहुंचने वाले प्रवासियों को रोकने की कसम खाई है, ने कहा कि यह फैसला वह परिणाम नहीं था जो हम चाहते थे। उन्होंने एक बयान में कहा, हमने आज का फैसला देखा है और अब अगले कदम पर विचार करेंगे। यह वह परिणाम नहीं था जो हम चाहते थे, लेकिन हमने पिछले कुछ महीनों में सभी स्थितियों के लिए योजना बनाई है और हम नावों को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नावों को रोकने की उनकी प्रतिबद्धता अटल है। सुनक ने बुधवार को एक्स पर लिखा, सरकार रवांडा के साथ एक नई संधि पर काम कर रही है और हम आज के फैसले के आलोक में इसे अंतिम रूप देंगे। यदि आवश्यक हो, तो मैं अपने घरेलू कानूनी ढांचे पर फिर से विचार करने के लिए तैयार हूं।यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब बर्खास्त गृह सचिव सुएला ब्रेवरमैन ने एक तीखे पत्र में सुनक पर चैनल को पार करने वाली छोटी नौकाओं को रोकने के लिए जो भी करना पड़े करने की उनकी प्रतिज्ञा को धोखा करार दिया था। सुएला ने कहा कि अगर सरकार सुप्रीम कोर्ट में केस हार जाती है तो पीएम के पास कोई प्लान बी नहीं है।

# पीएम बोले, एमपी-छग में डिब्बा गुल, राजस्थान से भी जाएगी



पीएम ने राजस्थान के बायतु विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया है। मोदी ने कहा कि राजस्थान से कांग्रेस जा रही है भाजपा आ रही है।

**बायतु (राजस्थान)।** पीएम मोदी ने बायतु विधानसभा सीट पर बुधवार को एक जनसभा की है। जनसभा के दौरान पीएम ने राज्य की अशोक गहलोत सरकार पर सीधा हमला बोला है। मोदी ने कहा कि पूरा राजस्थान कह रहा है- जा रही है कांग्रेस, आ रही है भाजपा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस का डिब्बा गुल है, अब राजस्थान की बारी है। पूरा देश आज भाई दूज का त्योहार मना रहा है और ये मेरा सौभाग्य है कि मैं आज राजस्थान की अपनी बहनों के बीच आया हूं।

मोदी ने कहा कि मैं दिल्ली से जल जीवन मिशन का पैसा भेजता हूं, लेकिन ये कांग्रेस के लोग आदतन मजबूर उसमें भी कमीशन खा जाते हैं।



## गहलोत ने अजमेर में किया रोड शो

अजमेर।)राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अजमेर में ''कांग्रेस गारंटी यात्रा'' के जरिए कांग्रेस की सात गारंटियों को जन-जन तक पहुंचाने के मकसद से बुधवार को 'रोड शो' किया। श्री गहलोत ने अजमेर उत्तर एवं अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया जिसमें लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

## कंगना रनौत ने मनाया भाई दूज, छोटे भाइयों के साथ शेयर की खास फोटो



**नई दिल्ली।** कंगना रनौत सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं, वो अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। कंगना रनौत एक फैमिली टाइप गर्ल है। एक्ट्रेस अक्सर विभिन्न अवसरों पर अपने माता-पिता और परिवार के सदस्यों के साथ फोटो शेयर करती रहती हैं। उन्होंने इससे पहले सोशल मीडिया पर दिवाली से फोटो शेयर की थीं। उनकी बहन रंगोली भी लंबे समय से उनके लिए मैनेजर की तरह रही हैं। बुधवार को भाई दूज पर, कंगना ने अपने भाई-बहनों-अपनी बहन रंगोली और तीन भाइयों के साथ फोटो शेयर की हैं।

**भाई को पाकर धन्य हूं:** कंगना ने लिखा, तीन छोटे भाई को पाकर धन्य हो गई, बचपन में एक समोसा लाएगा एक चाय बनाएगा और एक मम्मी को शिकायत लगाएगा फिर उससे एक की वजह से तीनों मार खाएगा... आज तुम तीनों का कामयाब पति/बॉयफ्रेंड हो इस ट्रेनिंग के कारण कभी मत भूलना हैप्पी भाईदूज। नेटिज़ेंस ने इस तस्वीर को पसंद किया और उन्हें हैप्पी भाईदूज की शुभकामनाएं दीं।

Filmi तड़का

# अपने परिवार के साथ दिवाली मनाते हुए ऋतिक रोशन ने गर्लफ्रेंड सबा आजाद को पास रखा

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन अपनी प्रेमिका सबा आजाद के साथ बड़े दिनों का जश्न मनाते और मजेदार यादें बनाते हुए अपनी मनमोहक तस्वीरें साझा करते हैं। दिवाली के शुभ मौके पर दोनों ने रोशन परिवार के साथ रोशनी का त्योहार मनाया। ऋतिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने जश्न की एक झलक देते हुए लिखा, हैप्पी दिवाली खूबसूरत लोगों। तस्वीरों में, ऋतिक और सबा हाथों में हाथ डाले बैठे हुए बेहद मुस्कुरा रहे थे। जहां रितिक काले कुर्ते में बेहद आकर्षक लग रहे थे, वहीं सबा ने लाल लहंगे में इसे खूबसूरत बनाए रखा, जिसे उन्होंने हरे ब्लाउज के साथ पहना था।

तस्वीरें वायरल हो गई



ऋतिक के माता-पिता राकेश और पिंकी को भी पृष्ठभूमि में खड़े देखा गया, जबकि चचेरी बहन पश्मीना भी उनके साथ शामिल हुई। पिछले साल करण जौहर के 50वें जन्मदिन की पार्टी में ऋतिक रोशन और सबा आज़ाद ने अपने रिश्ते की पुष्टि की थी। उन्हें पपराज़ी के लिए पोज़ देते हुए एक दूसरे का हाथ पकड़े देखा गया। वे एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार करने से नहीं कतराते और प्रमुख युगल लक्ष्यों को पूरा करते हैं। इस साल की शुरुआत में एक वेबसाईट के साथ एक साक्षात्कार में, सबा से पूछा गया था कि क्या उनके प्रेम जीवन पर लगातार जांच उन्हें परेशान करती है, तो उन्होंने कहा कि क्या यह किसी को पता नहीं चलेगा? यह हर किसी को मिलता है. लेकिन मुझे लगता है कि यह पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। लोग दूसरे लोगों के जीवन में बेहद रुचि रखते हैं, हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? आप बस अपना सिर नीचे रखें और काम करते रहें।

# जी20 में अफ्रीका की स्थिति से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा : एलिजाबेथ



**तिरुवनंतपुरम।** वीमेन यूनाइटेड फाउंडेशन और अफ्रीकी महिला बिजनेस यूनियन (एडब्ल्यूबीयू) भारत के साथ एक आशाजनक साझेदारी की संभावना तलाश रहे है, यह एक ऐसा कदम जो महिला सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकता है। वूमेन यूनाइटेड फाउंडेशन की संस्थापक डेबोरा एलिजाबेथ ने बुधवार को जी20 जैसे वैश्विक मंचों पर अफ्रीका की स्थिति को पहचानने में भारत की भूमिका और भारत-अफ्रीका संबंधों को मजबूत करते हुए अपने लोगों के उत्थान की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए यह बात कही।

सुश्री डेबोरा ने कहा, संभावित साझेदारी, जो अभी भी अपने खोजपूर्ण चरण में है, अपार संभावनाएं रखती है, भारत की सफलताएं अफ्रीकी संदर्भों में इसी तरह के प्रयासों के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं, उनकी यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### एएसके ऑटो सूचीबद्ध हुई

नई दिल्ली। एएसके ऑटोमोटिव के शेयर बुधवार को निर्गम मूल्य 282 रुपये के मुकाबले आठ प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 8.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 304.90 रुपये पर शुरुआत की। फिर 10.54 प्रतिशत बढ़कर 311.75 रुपये पर पहुंच गए। एनएसई पर यह 7.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 303.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुए। कंपनी का शुरुआती कारोबार में बाजार मूल्यांकन 6,022.71 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के आईपीओ को 51.14 गुना अभिदान मिला था।

### ब्रिटेन में महंगाई दर घटी

लंदन। ब्रिटेन में मुद्रास्फीति अक्टूबर में तेज गिरावट के साथ दो साल के निचले स्तर पर आ गई है। इसकी वजह पिछले साल ऊर्जा बिल में आए तेज उछाल को वार्षिक आधार पर तुलना से बाहर करना है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर तक उपभोक्ता कीमतें पिछले वर्ष की तुलना में 4.6 प्रतिशत अधिक थीं, जो पिछले महीने के 6.7 प्रतिशत के आंकड़े से काफी कम है। मुद्रास्फीति में इस गिरावट का मतलब है कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस साल महंगाई दर को आधा करने की जो प्रतिबद्धता जताई थी, वह पूरी हो गई है।

### पूर्वांकरा को घाटा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी पूर्वांकरा लिमिटेड को सितम्बर तिमाही में 11.22 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। हालांकि, इस दौरान कंपनी की बिक्री बुकिंग दोगुना से अधिक होकर 1,600 करोड़ रुपये रही। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 17.22 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। पूर्वांकरा लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितम्बर अवधि में उसकी कुल आय बढ़कर 381.57 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 252.85 करोड़ रुपये थी। हालांकि, कंपनी की वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बिक्री बुकिंग दोगुना होकर 1,600 करोड़ रुपये रही।

### निर्यात 6.21 फीसद बढ़ा

नई दिल्ली। देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत बढ़कर 33.57 अरब डॉलर रहा है। हालांकि, इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 31.46 अरब डॉलर पर पहुंच गया। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात बढ़कर 65.03 अरब डॉलर रहा, जो अक्टूबर, 2022 में 57.91 अरब डॉलर था। देश का व्यापार घाटा अक्टूबर में 31.46 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान निर्यात सात प्रतिशत घटकर 244.89 अरब डॉलर रहा। वहीं आयात इस दौरान 8.95 प्रतिशत घटकर 391.96 अरब डॉलर रहा।

# खतरे का संकेत है उच्च तकनीक पर चीन का दबदबा

■ दुनिया में 400 अरब डालर का है परमानेंट मैग्नेट का बाजार ■ चीन में होता है परमानेंट मैग्नेट का सौ फीसद उत्पादन



**सैन फ्रांसिस्को (भाषा)।** क्वाड इन्वेस्टर नेटवर्क के चेयरमैन कार्ल मेहता ने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी के ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन पर वर्तमान में चीन का प्रभुत्व है, जो एक बड़े खतरे का संकेत है।

'एशिया पैसिफिक इकोनामिक कॉपरेशन (एपीईसी) लीडरशिप समिट' के मौके पर एक साक्षात्कार में मेहता ने कहा कि उन क्षेत्रों में जहां चीन की बाजार हिस्सेदारी 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक है। वहां खतरा अधिक है।

उन्होंने कहा, 'मिसाल के तौर 'परमानेंट मैग्नेट' का 400 अरब अमेरिकी डालर का बाजार है और इसका करीब 100 प्रतिशत निर्माण अब चीन में होता है। वे खनन को नियंत्रित करते हैं, वे स्पष्ट रूप से प्रसंस्करण को नियंत्रित करते हैं।' क्वाड इन्वेस्टर नेटवर्क पूरे क्वाड देशों में निवेशकों, उद्योग और

**कार्ल मेहता का साक्षात्कार**

नवप्रवर्तकों के लिए प्रमुख प्रौद्योगिकी नेटवर्क है। क्वाड देशों के प्रतिनिधि इसकी नेतृत्व टीम और सलाहकार बोर्ड के सदस्य हैं। मेहता ने कहा कि पिछले आठ महीनों में क्वाड इन्वेस्टर नेटवर्क ने कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा, 'इसमें से पहला है कि सभी प्रमुख राष्ट्रों के सलाहकार बोर्ड को एक साथ लाना। हमने तीनों देशों में एक ऑपरेटिंग पार्टनर के साथ भी अनुबंध किया है। हमने नौ प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की पहचान की है जहां हम सभी चार देशों में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित कर रहे हैं।' 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। क्वाड इन्वेस्टर नेटवर्क ने मंगलवार को 'एप्सिलॉन एडवांस्ड मैटेरियल्स ऑफ इंडिया' के साथ अपने सहयोग की घोषणा की।

इसने हाल ही में उत्तरी कैरोलिना में 65 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बैटरी सामग्री तथा घटक संयंत्र बनाने का निर्णय किया है।

## सीमेंस लि. में 18% अतिरिक्त हिस्सेदारी लेगी सीमेंस एजी

**नई दिल्ली (भाषा)।** जर्मनी की कंपनी सीमेंस एजी अपनी भारतीय इकाई में 2.1 अरब यूरो (2.28 अरब अमेरिकी डॉलर) में अतिरिक्त 18 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा।

कंपनी की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, इस कदम से सीमेंस एजी की अपनी भारतीय इकाई सीमेंस लिमिटेड में हिस्सेदारी 51 से बढकर 61 प्रतिशत हो जाएगी। सीमेंस एजी, सीमेंस एनर्जी से हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। सीमेंस एनर्जी की सीमेंस लिमिटेड में हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर छह प्रतिशत रह जाएगी।

# 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी बन जाएगा भारत



**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भरोसा जताया है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सीतारमण ने बुधवार को 'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद' को संबोधित करते कहा कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इस साल भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत से थोड़ा कम रहने का अनुमान है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है। सीतारमण नें कहा कि हिंद-प्रशांत को प्रभावित करने वाले समकालीन संघर्ष जैसे यूक्रेन युद्ध, इजराइल या यमन संकट और दक्षिण तथा पूर्व चीन सागर में जारी तनाव के कारण आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान तथा आर्थिक अस्थिरता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है।

उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। उस समय भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। 2047 तक भारत एक विकसित अर्थव्यवस्था बनना चाहता है।' भारत की नीली अर्थव्यवस्था (समुद्री अर्थव्यवस्था) पर उन्होंने कहा कि यह सकल घरेलू उत्पाद का करीब चार प्रतिशत है।

## सीडब्ल्यूआईटी का पहला चरण अगले साल दिसम्बर तक हो सकता है चालू : करण

**नई दिल्ली (भाषा)।** कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल (सीडब्ल्यूआईटी) का पहला चरण दिसम्बर, 2024 तक चालू हो सकता है। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) करण अडाणी ने यह जानकारी दी।

विकास वित्त निगम (डीएफसी) सीडब्ल्यूआईटी के लिए 55.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण देगा। डीएफसी अमेरिकी सरकार की विकास वित्त संस्था है। कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल एपीएसईजेड, श्रीलंका के जॉन कील्स होल्डिंग्स (जेकेएच) और श्रीलंका पोर्ट अथॉरिटी (एसएलपीए) के बीच एक संयुक्त उद्यम है। अडाणी ने कहा, 'कोलंबो बंदरगाह पर, हम दिसम्बर, 2024 तक चरण-1 के चालू होने और संचालन की उम्मीद कर रहे हैं। हमने पहले ही अपनी पूंजीगत निवेश की हिस्सेदारी दे दी है।'

उन्होंने आगे कहा, 'कोलंबो बंदरगाह में हमारे संयुक्त उद्यम भागीदार भी हैं, जहां हमारे पास 51 प्रतिशत और अन्य दो साझेदारों- एसएलपीए और जॉन कील्स के पास 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।' कोलंबो बंदरगाह हिंद महासागर में सबसे बड़ा और व्यस्ततम बंदरगाह है।

# दुनिया में महंगाई घटने से शेयरों ने भरी उड़ान

■ सेंसेक्स में 742 अंकों की तेजी ■ निफ्टी भी 232 अंक ऊपर बंद

**मुंबई (एजेंसियां)।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 742 की बड़ी बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच अमेरिका में महंगाई के अनुकूल आंकड़ों के साथ घरेलू बाजारों में उछाल आया। अमेरिका, ब्रिटेन और भारत में मुद्रास्फीति को लेकर रिपोर्ट उत्साहजनक होने से केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में और वृद्धि नहीं करने की संभावना बढ़ी है।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 742.06 अंक यानी 1.14 प्रतिशत उछलकर 65,675.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 813.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 231.90 अंक यानी 1.19 प्रतिशत बढ़कर 19,675.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, विप्रो, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और पावर ग्रिड शामिल हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढत में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त में रहे थे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.83 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,244.44 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। शेयर बाजार मंगलवार को बलि प्रतिपदा के मौके पर बंद रहे थे। इससे पहले, बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 325.58 अंक और निफ्टी 82 अंक नीचे आया था।



**संपत्ति 3.29 लाख करोड़ रुपये बढ़ी**

शेयर बाजार में उछाल के साथ निवेशकों की संपत्ति 3.29 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण 329520.27 करोड़ रुपये बढ़कर 32540109 करोड़ रुपये रहा।

# मिलकर काम करेंगे इंडो-यूएस के स्टार्टअप्स

■ इसके लिए दोनों देशों ने किया करार ■ दोनों देश नवोन्मेषण को भी देंगे बढ़ावा

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और अमेरिका ने स्टार्टअप के बीच सहयोग बढ़ाने, नियामकीय अड़चनों को दूर करने और उद्यमियों के पूंजी जुटाने पर सर्वोत्तम व्यवहार को साझा करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया कि भारत-अमेरिका वाणिज्यिक वार्ता के तहत नवोन्मेषण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 14 नवम्बर को सैन फ्रांसिस्को में हस्ताक्षर किए गए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस समय सैन फ्रांसिस्को में हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि एमओयू पर एक उद्योग गोलमेज बैठक में हस्ताक्षर किए गए।




इस बैठक में प्रमुख आईसीटी कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), उद्यम पूंजी फर्मों के अधिकारियों और प्रमुख स्टार्टअप के संस्थापकों ने भाग लिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग बढाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

## सोने में 410 रुपये की तेजी चांदी में 1700 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में मजबूती के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 410 रुपये की तेजी के साथ 61,210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 75,000 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्यो. में वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोना 410 रुपये बढ़कर 61,210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था।

# सप्लाई चेन की बेहतरी के लिए भारत-अमेरिका राजी

■ इसके लिए दोनों देशों ने करार पर किए दस्तखत

■ समझौते में आईपीईएफ के 12 अन्य सदस्य भी शामिल

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत, अमेरिका और आईपीईएफ समूह के 12 अन्य सदस्यों ने आपूर्ति श्रृंखला में लचीलापन लाने संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्पादन केंद्रों के संभावित स्थानांतरण और आपूर्ति श्रृंखला के झटकों से होने वाले आर्थिक व्यवधानों के जोखिमों को कम करने में मदद मिलेगी। समझौते पर सैन फ्रांसिस्को में हस्ताक्षर किए गए।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (आईपीईएफ) की मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए अभी सैन फ्रांसिस्को में हैं। इस समझौते से भारत जैसे सदस्य देशों की चीन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से बाधित किया, क्योंकि अधिकतर देश दवा संबंधी कच्चे माल जैसे विभिन्न उत्पादों के लिए चीन पर निर्भर हैं।

गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को लिखा, 'भारत ने अमेरिका और 12 अन्य आईपीईएफ भागीदारों के साथ 'आईपीईएफ सप्लाई चैन रेजिलेंस एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर किए। यह अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय समझौता है जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा और अनुकूलनशीलता तथा स्थिरता को बढ़ावा देगा।' समूह के सदस्यों ने इस समझौते पर इस साल 27 मई को डेट्रॉयट में बातचीत संपन्न की थी।

इस समझौते से आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण, निवेश जुटाना, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की बेहतर पहुंच, एमएसएमई को समर्थन और एक निर्बाध क्षेत्रीय व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने में मदद मिलेगी, जो भारतीय उत्पादों के प्रवाह को सुविधाजनक बनाएगा। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, समझौते पर मंत्री ने अन्य आईपीईएफ भागीदार देशों के मंत्रियों के साथ हस्ताक्षर किए।



बयान के अनुसार, 'इस समझौते से आईपीईएफ आपूर्ति श्रृंखला के अधिक लचीला, मजबूत तथा अच्छी तरह से एकीकृत होगी। इसके पूरे क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि तथा प्रगति में योगदान देने की उम्मीद है।' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने आईपीईएफ के सामूहिक लक्ष्यों को साकार करने के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया- खासकर स्वच्छ अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव के लिए किफायती वित्तपोषण जुटाने और प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर।

## बजाज फाइनेंस को 'ईकॉम', 'इंस्टा ईएमआई कार्ड' के तहत कर्ज वितरण रोकने का निर्देश

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने बजाज फाइनेंस को अपने दो ऋण उत्पादों 'ईकॉम' और 'इंस्टा ईएमआई कार्ड' के तहत कर्ज की मंजूरी तथा वितरण को तत्काल प्रभाव से रोकने का बुधवार को निर्देश दिया।

केंद्रीय बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार कंपनी द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के डिजिटल ऋण दिशानिर्देशों के मौजूदा प्रावधानों का अनुपालन न करने, खासकर इन दो ऋण उत्पादों के तहत ग्राहकों को मुख्य तथ्यों का विवरण जारी न करने और कंपनी द्वारा स्वीकृत अन्य डिजिटल कर्ज के संबंध में जारी किए गए मुख्य विवरणों में खामियों के कारण यह कार्रवाई आवश्यक हो गई है।

# अमेरिकी शेयर बाजारों के जरिए भारत में आ सकता है वैश्विक निवेश

■ नैस्डैक के शीर्ष अधिकारी ने जताई उम्मीद ■ सूचीबद्ध हो सकते हैं 200 भारतीय स्टार्टअप्स

**सैन फ्रांसिस्को (भाषा)।** नैस्डैक के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि वैश्विक निवेशकों से भारत में बेहद जरूरी निवेश लाने में अमेरिकी शेयर बाजार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

नैस्डेक के कार्यकारी वाइस चेयरमैन एडवर्ड नाइट ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत में अभी '200 से अधिक बेहद बड़ी स्टार्टअप कंपनियां हैं जो भविष्य में सूचीबद्ध हो सकती हैं...ऐसा दुनिया में कहीं और नहीं देखा गया है।' नैस्डेक (नेशनल एसोसिएशन आफ सिक्योरिटीज डीलर्स आटोमेटेड कोटेशन) एक स्टाक एक्सचेंज है। एपल, माइक्रोसाफ्ट और अमेजन जैसी दुनिया की कुछ सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां इसमें सूचीबद्ध हैं। यह न्यूयार्क स्टाक एक्सचेंज (एनवाईएसई) के बाद बाजार पूंजीकरण के हिसाब से दुनिया के सबसे पुराना तथा दूसरे सबसे बड़े शेयर बाजार में से एक है।

नाइट ने कहा कि भारत में 'एक मजबूत कानूनी प्रणाली, बेहद मजबूत विश्वविद्यालय हैं और इन





सभी के दम पर प्रारंभिक चरण की कंपनियों ने नवाचार तथा प्रौद्योगिकी नवाचार का सृजन किया है और उसे जारी भी रख सकती हैं।'

उन्होंने कहा कि लेकिन 'आपको पूंजी की जरूरत है और भारत की पूंजी की जरूरतें इसकी सफलता के साथ बढ़ती जा रही हैं।' नाइट ने कहा, 'स्टार्टअप कंपनियों के लिए आपको पूंजी की जरूरत है। इसलिए नैस्डैक के दृष्टिकोण से हमें लगता है कि हम वैश्विक निवेशकों को भारतीय अर्थव्यवस्था में सीधे प्रवेश दिला सकते हैं और भारत में अधिक पूंजी ला सकते हैं।'

उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहले ही ऐसे नियम बनाने की बात कर चुकी हैं जो भारतीय कंपनियों को अमेरिका में सूचीबद्ध होने की अनुमति देंगे। नैस्डैक के अधिकारी ने कहा कि स्पष्ट रूप से अब पूरा ध्यान भारत पर है क्योंकि चीन में निवेश करना अधिक कठिन हो गया है। उन्होंने कहा, 'वृद्धि और नौकरियां दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# लक्ष्य से अधिक रहेगा प्रत्यक्ष कर संग्रह : नितिन



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने बुधवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य को पार कर जाएगा। गुप्ता ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हम बजट लक्ष्य से आगे रहेंगे। अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा है। 15 दिसम्बर तक अग्रिम कर के आंकड़े आने के बाद हम पूरे साल के लिए कर संग्रह को लेकर एक साफ तस्वीर प्राप्त कर सकेंगे।' सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से नौ नवम्बर के बीच 22 प्रतिशत बढ़कर 10.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। गुप्ता ने भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में करदाता 'लाउंज' के उद्घाटन के बाद संवाददाताओं से कहा, 'सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 से 18 प्रतिशत बढ़ा है।

## ओएनजीसी दो संयंत्रों पर एक लाख करोड़ निवेश करेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत की शीर्ष तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) की दो पेट्रोरसायन संयंत्र स्थापित करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है।

इन संयंत्रों में कच्चे तेल को सीधे उच्च गुणवत्ता वाले रासायनिक उत्पादों में बदला जाएगा। कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ओएनजीसी जैसी कंपनियां समुद्र के नीचे और भूमिगत जलाशयों से कच्चा तेल निकालती हैं, जो ऊर्जा का एक प्राथमिक स्रोत है। इसे तेल रिफाइनरियों में पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) में बदला जाता है।

# अक्टूबर में चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत

■ खुदरा बिक्री और विनिर्माण क्षेत्र में आई तेजी ■ रियल एस्टेट क्षेत्र में बरकरार रही सुस्ती

**पेइचिंग (एपी)।**

**पेइचिंग (एपी)।** चीन की अर्थव्यवस्था में अक्टूबर में सुधार के संकेत दिखे। खुदरा बिक्री और विनिर्माण में तेजी आई है, हालांकि संपत्ति क्षेत्र सुस्त बना हुआ है।

सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। अक्टूबर में फैक्टरी उत्पादन एक साल पहले की तुलना में 4.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि खुदरा बिक्री में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

हालांकि, रियल एस्टेट निवेश में 9.3 प्रतिशत की गिरावट आई। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि उद्योग अब भी समायोजन स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। दो साल पहले कई डेवलपर द्वारा अत्यधिक उधार लेने और फिर वैश्विक महामारी की मार के कारण उद्योग संकट में आ गया।



निर्यात की वैश्विक मांग के लड़खड़ाने और संपत्ति क्षेत्र की हालत और खराब होने से चीन की अर्थव्यवस्था गर्मियों में धीमी पड़ गई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितम्बर में अर्थव्यवस्था 4.9 प्रतिशत की वार्षिक गति से बढ़ी, जो विश्लेषकों के करीब 4.5 प्रतिशत के पूर्वानुमान से बेहतर है।

हालांकि यह पिछली तिमाही की 6.3 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर से बहुत कम है। दुनिया की नंबर दो अर्थव्यवस्था फिर से गति पकड़ रही है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग कैलिफोर्निया में 'पैसिफिक रिम' शिखर सम्मेलन के मौके पर बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात से भी लोगों को काफी ज्यादा उम्मीद हैं।

# शमी का सत्ता, टीम इंडिया चौथी बार फाइनल में

## सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराकर 2019 का लिया बदला, विराट-अय्यर का शतक, शमी ने लिए 7 विकेट

**मुंबई,(एजेंसी)।** विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की धुआंधार शतकीय पारी के बाद मैन ऑफ द मैच मोहम्मद शमी के सात विकेटों की बदौलत भारत ने बुधवार को आईसीसी विश्वकप के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराकर चौथी बार फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम इससे पहले 1983, 2003, 2011 में फाइनल में जगह बना चुकी है। इसी के साथ भारत ने न्यूजीलैंड से 2019 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला भी लिया। भारत का 19 नवंबर को फाइनल में दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से मुकाबला होगा।

398 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। शमी ने डेवेन कॉन्वे और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी टीम के 39 रनों के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान केन विलियमसन 69 रन और डैरिल मिचेल 134 ने न्यूजीलैंड की उम्मीदों को जिंदा रखा। 33वें ओवर की दूसरी गेंद पर शमी ने विलियमसन को और उसी ओवर में टॉम लेथम शून्य को पवेलियन भेजा। इसके बाद बुमराह ने 43 ओवर में ग्लेन फिलिप्स 41 रन, और 46 ओवर में शमी ने डैरिल मिचेल 134 रन को आउट कर उम्मीदों पर पानी फेर दिया। शमी ने अपने सातवें विकेट के रूप में फर्ग्युसन छह रन को के एल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को 327 रनों पर समेट दिया। भारत की ओर शमी ने सात विकेट लिए। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत को रोहित शर्मा(47 रन) और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 71 रनों की साझेदारी कर मजबूत शुरुआत दी। रोहित के आउट होने के बाद विराट कोहली ने शुभमन गिल के साथ पारी को संभाला। विराट कोहली 113 गेंदों में 117 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली। अंतिम ओवरों में शॉट लगाने के प्रयास में श्रेयस अय्यर 105 रन बनाकर बोल्ट का शिकार बने। इसके बाद खेल के बीच में 79 रनों पर रिटायड हार्ट हुए शुभमन गिल खेलने आए। वह 80 रन बनाकर और के एल राहुल 20 गेंदों में 39 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 50 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 397 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने तीन विकेट लिए।

**भारतीय टीम 12 साल बाद फाइनल में:** इस जीत के साथ भारतीय टीम 12 साल बाद फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई है। भारत ने इससे पहले 2011 वनडे विश्वकप के फाइनल में जगह बनाई थी। इसके बाद 2015 विश्वकप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया था, जबकि 2019 विश्वकप में न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल से बाहर का रास्ता दिखाया था।

### वर्ल्डकप में सबसे तेज 50 विकेट

| गेंदबाज | पारी |
|---|---|
| मोहम्मद शमी | 17 |
| मिचेल स्टार्क | 19 |
| लसिथ मलिंगा | 25 |
| ट्रेंट बोल्ट | 28 |

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै. केन बो. साउदी | 47 | 29 | 4/4 |
| शुभमन गिल नाबाद | 80 | 66 | 8/3 |
| विराट कोहली कै. कॉन्वे बो. साउदी | 117 | 113 | 9/2 |
| श्रेयस अय्यर कै. मिचेल बो. बोल्ट | 105 | 70 | 4/8 |
| केएल राहुल नाबाद | 39 | 20 | 5/2 |
| सूर्यकुमार यादव कै. फिलिप्स बो. साउदी | 01 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त**: 8, **कुल**: 50 ओवर में चार विकेट पर 397 रन, **विकेट पतन**: 1-71, 1-164, 2-327, 3-381, 4-382, **गेंदबाजी**: ट्रेंट बोल्ट 10-0-86-1, टिम साउदी 10-0-100-3, मिचेल सैंटनर 10-1-51-0, लॉकी फर्ग्युसन 8-0-65-0, रचिन रविंद्र 7-0-60-0, ग्लेन फिलिप्स 5-0-33-0,

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कै. केएल बो. शमी | 13 | 15 | 3/0 |
| रचिन रविंद्र कै. केएल बो. शमी | 13 | 22 | 3/0 |
| केन विलियमसन कै. सूर्या बो. शमी | 69 | 73 | 8/1 |
| डैरिल मिचेल बो. जडेजा बो. शमी | 134 | 119 | 9/7 |
| टॉम लेथम पगबाधा शमी | 00 | 2 | 0/0 |
| ग्लेन फिलिप्स कै. जडेजा बो. बुमराह | 41 | 33 | 4/2 |
| मार्क चैपमैन कै. जडेजा बो. कुलदीप | 02 | 5 | 0/0 |
| मिचेल सैंटनर कै. रोहित बो. सिराज | 09 | 10 | 0/0 |
| टिम साउदी कै. राहुल बो. शमी | 9 | 10 | 1/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |
| लॉकी फर्ग्युसन कै. राहुल बो. शमी | 06 | 03 | 0/1 |

**अतिरिक्त**: 29, **कुल**: 48.5 ओवर में 327 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-30, 2-39, 3-220, 4-220, 5-295, 6-298, 7-306, 8-319, 9-321, 10-327, **गेंदबाजी**: जसप्रीत बुमराह 10-1-64-1, मोहम्मद सिराज 9-0-78-1, मोहम्मद शमी 9.5-0-57-7, रवींद्र जडेजा 10-0-63-0, कुलदीप यादव 10-0-56-1.

### भारत के लिए वनडे में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

| गेंदबाज | खिलाफ | वर्ष | प्रदर्शन |
|---|---|---|---|
| मोहम्मद शमी | न्यूजीलैंड | 2023 | 7/57 |
| स्टुअर्ट बिन्नी | बांग्लादेश | 2014 | 6/4 |
| अनिल कुंबले | वेस्टइंडीज | 1993 | 6/12 |
| जसप्रीत बुमराह | इंग्लैंड | 2022 | 6/19 |
| मोहम्मद सिराज | श्रीलंका | 2023 | 6/21 |




## मैन ऑफ द मैच मो. शमी बने गेम चेंजर
## 9.5 ओवर में 57 रन देकर 7 विकेट झटके

### वर्ल्डकप में 50 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने मोहम्मद शमी

मोहम्मद शमी वर्ल्डकप में 50 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इसके अलावा मोहम्मद शमी वनडे वर्ल्डकप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। उनके बाद भारत के लिए जहीर खान ने 44 विकेट लिए। वहीं इस सूची में भारतीय तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ ने 33 वर्ल्ड कप मैचों में 44 विकेट अपने नाम किए। इसके बाद जसप्रीत बुमराह का नंबर है। जसप्रीत बुमराह 19 वनडे वर्ल्ड कप मैचों में 35 खिलाड़ियों को आउट कर चुके हैं।

### शमी ने तोड़ा स्टार्क का रिकॉर्ड

मोहम्मद शमी विश्वकप में सबसे कम गेंदों में 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने विश्वकप में 795 गेंद फेंक कर 50 विकेट हासिल किए। इसी के साथ शमी ने मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 1543 गेंद किए थे। इस मामले में भी स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा मोहम्मद शमी ने 17 पारियों में ही 50 विकेट झटक लिए। मोहम्मद शमी ने चौथी बार वर्ल्डकप में 5 विकेट झटके

मैंने यहां पर काफी क्रिकेट खेला है तो आप कितना भी स्कोर कर लो आप संतुष्ट नहीं रह सकते हैं। मैं जानता था कि हमारे पास दबाव था, लेकिन हमारे पास बेहतरीन टीम है कि हम अंत में मैच जीत पाए। उन्होंने अपनी पारी में अधिक रिस्क नहीं किया लेकिन उन्होंने लिए भी और नहीं भी, हमें रिस्क पर विकेट भी मिले। हम बस शांत रहना चाहते थे, क्राउड शांत हो गया था हम समझ रहे थे लेकिन हमने वापसी की और शमी शानदार थे। हमारे सभी छह बल्लेबाज अच्छी लय में हैं। सेमीफाइनल था तो मैं नहीं कहूंगा दबाव नहीं था, हां दबाव था लेकिन लड़कों ने अपना काम अच्छी तरह से किया।

■ **रोहित शर्मा**
भारतीय टीम के कप्तान

मैं भारत को बधाई देना चाहता हूं, वे अभी तक इस टूर्नामेंट में अच्छा खेले हैं। उन्होंने लगभग 400 रन का स्कोर किया, हमारे लड़कों ने थोड़ा मौका बनाया और खुश हैं कि हम नॉकआउट में पूरे संघर्ष करके पहुंचे। मिचेल और मैं खुद को मौका देना चाहते थे। यह क्राउड कमाल का था, एक तरफा था लेकिन भारत ने इस टूर्नामेंट का बेहतरीन आयोजन किया है।

■ **केन विलियमसन**
न्यूजीलैंड के कप्तान

मैंने बस यही समझा था कि जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा। केन विलियमसन का वह कैच छोड़ना अजीब था लेकिन अच्छा लगा उनका विकेट ले गया हूं। लोग बात करते हैं कि वनडे क्रिकेट में विविधता के साथ गेंदबाजी होनी चाहिए, मैं इतना वनडे क्रिकेट खेला भी नहीं था लेकिन मैं जानता हूं कि नई गेंद से कैसे गेंदबाजी की जाए, पुरानी गेंद पर कैसे सीम से गेंदबाजी जारी रखी जाए।

■ **मोहम्मद शमी**
प्लेयर ऑफ द मैच

जब मैं पहली बार कोहली से भारतीय ड्रेसिंग रूम में मिला था, तो टीम के अन्य साथियों ने आपके साथ मेरे पैर छूने का मजाक उड़ाया था। मैं उस दिन अपनी हंसी नहीं रोक सका। लेकिन जल्द ही, आपने अपने जुनून और कौशल से मेरे दिल को छू लिया, मैं बहुत खुश हूं कि वह युवा लड़का एक विराट खिलाड़ी बन गया है। मुझे इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा और विश्वकप जैसे सबसे बड़े मंच पर वो भी सेमी फाइनल में, मेरे घरेलू मैदान पर ये करना आइसिंग ऑन द केक है।

■ **सचिन तेंदुलकर**
पूर्व भारतीय क्रिकेटर

### रोहित शर्मा ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए है। उन्होंने 50 वां छक्का जड़कर विंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने वर्ल्डकप में 49 छक्के लगाए थे। रोहित वर्ल्डकप के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। रोहित अब तक मौजूदा टूर्नामेंट में 28 छक्के लगा चुके हैं। रोहित के बाद इस लिस्ट में क्रिस गेल 26 (2015), इयोन मॉर्गन 22 (2019) और ग्लेन मैक्सवेल 22 छक्के (2023) में का नंबर आता है।

#### विश्वकप इतिहास में सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 50 | रोहित शर्मा |
| 49 | क्रिस गेल |
| 43 | ग्लेन मैक्सवेल |
| 37 | एबी डिविलियर्स |
| 37 | डेविड वॉर्नर |

### बतौर कप्तान रोहित शर्मा ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

रोहित शर्मा बतौर भारतीय कप्तान वनडे क्रिकेट में सबसे तेज दो हजार रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 43 पारियों में यह कमाल कर पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने 47 पारियों में इस कारनामे को अंजाम दिया था। वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इन दोनों से आगे विराट कोहली (36 पारी) हैं। वहीं, ओवरऑल लिस्ट की बात करें तो एक कप्तान के रूप में सबसे तेज 2000 वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के बाबर आजम के नाम दर्ज है।




### कोहली ने वनडे में रनों के मामले में पोंटिंग को पछाड़ा

कोहली अब वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पछाड़ दिया। पोंटिंग ने 375 वनडे इंटरनेशनल में 42.03 की औसत से 13702 रन बनाए थे। कोहली अब इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर करने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ गए हैं।

### वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाले प्लेयर

| बल्लेबाज | पारी | शतक |
|---|---|---|
| विराट कोहली (भारत) | 279 पारी | 50 शतक |
| सचिन तेंदुलकर (भारत) | 452 पारी | 49 शतक |
| रोहित शर्मा (भारत) | 251 पारी | 31 शतक |
| रिकी पोंटिंग (ऑस्ट्रेलिया) | 365 पारी | 30 शतक |
| सनथ जयसूर्या (श्रीलंका) | 433 पारी | 28 शतक |

#### विश्वकप के एक सीजन में सर्वाधिक 50 प्लस स्कोर

| | | |
|---|---|---|
| 8 | विराट कोहली | (2023) |
| 7 | सचिन तेंदुलकर | (2003) |
| 7 | शाकिब अल हसन | (2019) |
| 6 | रोहित शर्मा | (2019) |
| 6 | डेविड वार्नर | (2019) |

#### एकदिवसीय विश्वकप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन

| | | |
|---|---|---|
| 711 | विराट कोहली | (2023) |
| 673 | सचिन तेंदुलकर | (2003) |
| 659 | मैथ्यू हेडन | (2007) |
| 648 | रोहित शर्मा | (2019) |
| 647 | डेविड वार्नर | (2019) |

### कोहली ने वनडे में ठोका रिकॉर्ड 50वां शतक सचिन का रिकॉर्ड तोड़कर उनको किया नमन

विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने वनडे करियर का 50वां शतक जड़कर लीजेंड सचिन तेंदुलकर का वनडे में सर्वाधिक शतकों का ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शतक के बाद कोहली ने दोनों हाथ झुकाकर सचिन को नमन भी किया। सचिन को नमन करने के बाद कोहली ने अपनी पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को भी फ्लाइंग किस दिया। इस दौरान अनुष्का ने भी रिटर्न में कोहली पर प्यार लुटाते हुए फ्लाइंग किस दी। कोहली यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं। सचिन ने अपने करियर में 463 वनडे खेले, जिसकी 452 पारियों में 44.83 के औसत से 18426 रन बनाए। उन्होंने कुल 49 वनडे शतक लगाए। दूसरी ओर कोहली ने अपने करियर की 279वीं वनडे पारी में यह उपलब्धि हासिल की।






### अय्यर ने ठोका नॉकआउट मैचों का सबसे तेज शतक

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर वर्ल्डकप के नॉकआउट मैचों के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 67 रनों पर शतक पूरा किया। अय्यर से पहले वर्ल्डकप नॉकआउट में सबसे तेज शतक एडम गिलक्रिस्टके नाम दर्ज था। गिलक्रिस्ट ने 2007 वर्ल्डकप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 72 गेंदों पर शतक ठोका था। वर्ल्ड कप का सबसे तेज शतक केएल राहुल के नाम दर्ज है, जो उन्होंने वर्ल्ड कप 2023 के आखिरी लीग मैच में नीदरलैंड के खिलाफ जड़ा।

### बेकहम व सचिन सहित कई दिग्गज पहुंचे मैच देखने

इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर डेविड बेकहम और सुपरस्टार रजनीकांत सहित कई दिग्गज सेमीफाइनल देखने स्टेडियम में पहुंचे। रजनीकांत और उनकी पत्नी प्रोड्यूसर लता को मंगलवार की रात हवाई अड्डे से निकलते देखा गया था। बेकहम तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं जो वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। उनके अलावा भारत के चैम्पियन बल्लेबाज रहे सचिन तेंदुलकर, अभिनेता रणबीर कपूर, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जॉन इब्राहिम में स्टेडियम में मैच देखते नजर आए।



### सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली | भारत | 711 |
| क्विंटन डिकॉक | द.अफ्रीका | 591 |
| रचिन रविंद्र | न्यूजीलैंड | 578 |

### सर्वाधिक विकेट

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| मो. शमी | भारत | 23 |
| एडम जम्पा | ऑस्ट्रेलिया | 22 |
| दिलशान मदुशंका | श्रीलंका | 21 |

## बाबर आजम ने सभी प्रारूपों में पाक की कप्तानी छोड़ी

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** आईसीसी वनडे वर्ल्डकप 2023 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान टीम में भूचाल आ गया है। बाबर आजम ने बुधवार को सभी फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी। बाबर के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दो अलग-अलग कप्तान नियुक्त किए हैं। स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को टी20 फॉर्मेट की कमान सौंपी गई है। वहीं, बल्लेबाज शान मसूद पाकिस्तान टेस्ट टीम की बागडोर संभालेंगे। पीसीबी ने फिलहाल वनडे टीम के कप्तान की घोषणा नहीं की। गौरतलब है कि बाबर के इस्तीफे के बाद पीसीबी ने एक बयान जारी कर कहा कि उन्हें टेस्ट कप्तान के रूप में बने रहने का ऑप्शन दिया गया था लेकिन उन्होंने ऑफर ठुकरा दिया। पीसीबी ने कहा, बाबर ने अपने परिवार से सलाह मशविरा करने के बाद कप्तान का पद छोड़ने का फैसला किया। पीसीबी उनके फैसले का सम्मान करता है और एक खिलाड़ी के रूप में उनका समर्थन करना जारी रखेगा।



**शाहीन को टी20 और मसूद को मिली टेस्ट प्रारूप की कमान**

## मेजबान भोपाल आरजीपीवी स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता के महिला एवं पुरुष वर्ग के फाइनल में

**भोपाल,(खेसं)।** राजीव गांधी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में एलएनसीटी कॉलेज भोपाल द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित दो दिवसीय आरजीपीवी स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता में मेजबान भोपाल ने महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के फाइनल में जगह बनाई। पहले दिन महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में इंदौर ने जबलपुर को 2-0 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भोपाल ने ग्वालियर को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भोपाल ने जबलपुर को 2-0 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में उज्जैन ने ग्वालियर को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन डा श्वेता चौकसे मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा किया गया। इस स्टेट लेवल बैडमिंटन प्रतियोगिता में आरजीपीवी विश्वविद्यालय से संबद्ध 7 नोडल के लगभग 80 खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें इंदौर नोडल, जबलपुर नोडल, उज्जैन नोडल, रीवा नोडल, ग्वालियर नोडल, सागर नोडल, भोपाल नोडल, के प्रतिभागी शामिल हैं।



## प्रणय जापान मास्टर्स के दूसरे दौर में, लक्ष्य बाहर

**कुमामोतो,(एजेंसी)।** चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने शानदार जीत दर्ज कर जापान मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वहीं लक्ष्य सेन हारकर बाहर हो गए। पीठ दर्द के बावजूद एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले 31 वर्षीय प्रणय ने इस सुपर 500 प्रतियोगिता के पहले दौर में हांगकांग के ली चेउक यियू को 64 मिनट में 22-20, 19-21, 21-17 से पराजित किया। भारत की एकमात्र चुनौती अब प्रणय के रूप में बची है क्योंकि कनाडा ओपन के विजेता लक्ष्य सेन और ऑरलियन्स मास्टर के विजेता प्रियांशु राजावत पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रहे। सेन को जापान के कोडाई नाराओका से 17-21, 10-21 से जबकि राजावत चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से 15-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को अपना शुरुआती दौर का मैच हार गई थी।

## चोकर्स का ठप्पा हटाने उतरेगें अफ्रीकी सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से सामना आज

**कोलकाता, (एजेंसी)।** एजबस्टन में लांस क्लूसनर और आकलैंड में एबी डिविलियर्स का निराशा में डूबा चेहरा शायद हर क्रिकेटप्रेमी को याद होगा । दक्षिण अफ्रीका की टीम गुरुवार को पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे वर्ल्डकप 2023 के सेमीफाइनल में उतरेगी तो उसकी नजरें चोकर्स के ठप्पे को मिटाने पर होगी। यह मैच ईडन गार्डंस, कोलकाता में दोपहर 02.00 बजे से खेला जाएगा। वनडे विश्वकप इतिहास में ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 12 में से पांच खिताब जीत हैं। इनमें से चार पिछले छह सत्र में मिले हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका नौ में से चार बार सेमीफाइनल में पहुंचकर हारा है। भारत के खिलाफ पांच नवंबर को इसी मैदान पर लीग मैच में 83 रन पर आउट होने और नीदरलैंड के हाथों अप्रत्याशित हार के अलावा दक्षिण अफ्रीका ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्ष छह में से चार बल्लेबाजों ने शतक जमाए हैं। विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक अब तक 591 रन बना चुके हैं। रासी वान डेर डुसेन ने तीसरे नंबर पर 55.25 की औसत से रन बनाए हैं । स्पिनरों की मददगार पिच पर हेनरिक क्लासेन काफी प्रभावी रहे हैं जबकि एडेन मार्कराम ने अच्छे फिनिशर की भूमिका निभाई है। दक्षिण अफ्रीका ने छह बार 300 से अधिक रन बनाए हैं। गेंदबाजीं में दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को यानसन जैसे बायें हाथ का तेज गेंदबाज है जिसने 17 विकेट ले लिए हैं। वह लुंगी एंगिडी के साथ नई गेंद संभालेंगे। बीच के ओवरों में केशव महाराज और तबरेज शम्सी की स्पिन काफी प्रभावी रही है।

#### वनडे हेड-टू-हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 109 |
| द.अफ्रीका जीता | 55 |
| ऑस्ट्रेलिया जीता | 50 |
| बेनतीजा/टाई- | 1/ 3 |

#### विश्वकप हेड-टू-हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 07 |
| द.अफ्रीका जीता | 03 |
| ऑस्ट्रेलिया जीता | 03 |
| टाई | 01 |

# टीके की खुराक को लेकर एस्ट्राजेनेका पर मुकदमा




**लंदन (द कन्वरसेशन)।** लंदन उच्च न्यायालय में लाखों पाउंड के ऐतिहासिक 'टीका क्षति' मामले पर सुनवाई होने वाली है। यह मुकदमा जेमी स्कॉट ने दायर किया है जिनके मस्तिष्क को अप्रैल 2021 में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका टीका लगवाने के बाद गंभीर क्षति पहुंची थी। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत लाए जा रहे मामले में तर्क दिया गया है कि ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका टीका उपभोक्ताओं की अपेक्षा से कम सुरक्षित था। तर्क का एक प्रमुख हिस्सा टीके के प्रभाव को लेकर है, जिसके बारे में दावेदारों की दलील है कि इसे 'बहुत बढ़ा-चढ़ाकर" बताया गया था।

**अदालती दस्तावेज़ों में, कानूनी दावे में कहा गया है : 'वास्तव में, कोविड-19 की रोकथाम के संबंध में पूर्ण जोखिम में कमी केवल 1.2 प्रतिशत थी।' इस मामले का आधार यह है कि टीके की प्रभावशीलता को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था**

### एस्ट्राजेनेका मामले में बचाव कर रही है

दावे की बारीकियों को समझने के लिए, हमें जोखिमों के बारे में कुछ समझने की ज़रूरत है। किसी उपचार संबंधी जोखिम में परिवर्तन को प्रस्तुत करने के दो तरीके हैं : पूर्ण जोखिम और सापेक्ष जोखिम। आइए अंतर समझाने के लिए एक पुस्तक - द मैथ्स ऑफ लाइफ एंड डेथ - से एक उदाहरण देखें। वर्ष 2009 में, 'केयरलेस पोर्क कॉस्ट्स लाइव्स' शीर्षक के तहत 'द सन' नामक अखबार ने प्रति दिन 50 ग्राम प्रासंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है।



'द सन' ने 'सापेक्ष जोखिम' पर ध्यान केंद्रित किया - किसी दिए गए जोखिम कारक (बेकन सैंडविच खाने) के संपर्क में आने वाले लोगों के लिए एक विशेष परिणाम (कैंसर विकसित होने) का जोखिम, उन लोगों के लिए जोखिम के अनुपात के रूप में जो उजागर नहीं हुए हैं। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है।


पूर्ण जोखिम कभी-कभी अधिक सहायक उपाय हो सकता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है। अदालती मामले में दावेदारों का तर्क है कि एस्ट्राज़ेनेका उन अध्ययनों की ओर इशारा करता है जो कोविड को रोकने में लगभग 70 प्रतिशत प्रभाव दिखाते हैं। अदालती दस्तावेज़ों में, कानूनी दावे में कहा गया है : 'वास्तव में, कोविड-19 की रोकथाम के संबंध में पूर्ण जोखिम में कमी केवल 1.2 प्रतिशत थी।' इस मामले का आधार यह है कि टीके की प्रभावशीलता को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था। द सन के 'सेव अवर बेकन' अभियान की तरह, ऐसा प्रतीत होता है कि एस्ट्राज़ेनेका ने एक पूर्ण उपाय के बजाय एक सापेक्ष उपाय का उपयोग करके अपने टीके की स्पष्ट प्रभावशीलता को बढ़ा दिया है।

### सापेक्ष जोखिम का उपयोग करने के अच्छे कारण

ऐसे अच्छे कारण हैं कि एस्ट्राज़ेनेका ने टीके की प्रभावकारिता का वर्णन करने के लिए पूर्ण के बजाय सापेक्ष जोखिम में कमी का उपयोग किया होगा। महामारी के तीव्र चरण के दौरान कोविड का प्रसार काफी भिन्न-भिन्न रहा। जब मामले कम थे, तो जोखिम में पूर्ण कमी अनिवार्य रूप से उस समय की तुलना में कम होगी जब प्रसार अधिक था। सापेक्ष जोखिम का उपयोग करने का एक और अच्छा कारण यह समझने पर निर्भर करता है कि नैदानिक परीक्षण अकसर कैसे चलाए जाते हैं। आमतौर पर, परीक्षण स्वयंसेवकों को एक उपचार समूह में विभाजित किया जाता है जिसे टीका दिया जाता है और एक नियंत्रण समूह जिसे टीका नहीं दिया जाता है। अदालत चाहे जो भी फैसला दे, इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका टीके ने लाखों लोगों की जान बचाई है। एस्ट्राज़ेनेका के एक प्रवक्ता ने कहा, 'रोगी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियामक अधिकारियों के पास टीकों सहित सभी दवाओं के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट एवं कड़े मानक हैं। हमारी सहानुभूति उन लोगों के प्रति है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है या स्वास्थ्य समस्याओं की सूचना दी है।'

# रश्मिका के डीपफेक वीडियो मामले में बिहार के युवक से पूछताछ

**नयी दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के 'डीपफेक' वीडियो मामले में बिहार के 19 वर्षीय एक युवक से पूछताछ की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि युवक ने पहले अपने सोशल मीडिया मंच पर वीडियो 'अपलोड' किया फिर इसे अन्य मंचों पर साझा किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि युवक को जांच के लिए नोटिस भेजा गया था क्योंकि उसके अकाउंट से पहली बार सोशल मीडिया मंच




पर वीडियो साझा किया गया था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन्स यूनिट' में भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी के लिए सजा) और 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी और 66ई के तहत 10 नवम्बर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कहा कि इस संबंध में फिलहाल किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।अधिकारी ने कहा, ' हालांकि युवक ने कहा है कि उसने किसी इंस्टाग्राम अकांउट से वीडियो 'डाउनलोड' किया है, लेकिन हम उससे पूछताछ कर रहे हैं।"अधिकारी ने कहा कि बिहार के रहने वाले इस युवक को आईएफएसओ यूनिट के सामने पेश होने और अपना मोबाइल फोन लाने के लिए कहा गया था जिसके बारे में उसने दावा किया है कि इसका इस्तेमाल वीडियो अपलोड करने के लिए किया गया था।

# कपिल शर्मा शो अब नेटफ्लिक्स पर




**मुंबई (वार्ता)।** जानेमाने कामेडी शो होस्ट कपिल शर्मा डिजिटल प्लेटफार्म पर अपना नया शो ला रहे है। कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपने नए शो का पहला प्रोमो साझा किया। इसमें कपिल शर्मा कहते हैं कि घर बदला है परिवार नहीं। कपिल शर्मा के नए शो में भी उनके पुराने शो से जुड़े कलाकार कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरण सिंह होंगे। यह शो उनके पुराने शो द कपिल शर्मा शो से अलग होगा। कपिल के नए शो को लेकर नेटफ्लिक्स इंडिया, कंटेंट की वाइस प्रेसीडेंट मोनिका शेरगिल ने कहा, कपिल की कलात्मक विरासत और कॉमेडी ने उन्हें इतने वर्षों में घर-घर तक पहुंचा दिया है। हमें उनके साथ काम करने और उनके साथियों के साथ नेटफ्लिक्स पर एक बिल्कुल नया शो लाने पर बहुत गर्व है। कपिल अब अपने नए पते से दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

# दीपिका, रणवीर ने कहा

## फिल्म 'राम लीला' ने हमारे जीवन को बदल दिया


**मुंबई (आईएएनएस)।** फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' ने अपने 10 साल पूरे कर लिए हैं। इसको लेकर अभिनेता और पावर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने कहा कि इस फिल्म ने कई मायनों में उनके जीवन को बदल दिया। यह फिल्म दोनों कलाकारों के लिए इसलिए भी खास है कि उनकी मुलाकात इसी फिल्म के सेट पर हुई थी, जिसके बाद उन्होंने डेटिंग शुरू कर दी। रणवीर ने यह भी साझा किया कि जब दीपिका फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली के घर नैरेशन के लिए आई थीं तो उन्हें पहली नजर में ही प्यार हो गया था। इसके बाद 2015 में रणवीर ने दीपिका को प्रपोज किया। दोनों कलाकार इंस्टाग्राम पर आए, जहां उन्होंने 2013 की फिल्म के सेट से कुछ पल साझा किए, जो विलियम शेक्सपियर की त्रासदी रोमियो एंड जूलियट पर आधारित है। राम-लीला दो गैंगस्टर परिवारों के दो नामचीन प्रेमियों के बीच स्टार-क्रॉस रोमांस है, जो एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं, लेकिन सदियों से अपने परिवारों की प्रतिद्वंद्विता के कारण अलग हो जाते हैं। तस्वीरों को कैप्शन दिया गया: रामलीला के 10 साल - जिसने हमारे जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित, 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में सुप्रिया पाठक, ऋचा चड्ढा, शरद केलकर, गुलशन देवैया, बरखा बिष्ट सेनगुप्ता और अभिमन्यु सिंह भी हैं। इसके बाद रणवीर, दीपिका और भंसाली ने 'बाजीराव मस्तानी' और 'पद्मावत' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में साथ काम किया।




# नाना पाटेकर ने सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे प्रशंसक को थप्पड़ मारा

**मुंबई (भाषा)।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अभिनेता नाना पाटेकर सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे एक प्रशंसक को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो वाराणसी का बताया जा रहा है, जहां 72 वर्षीय पाटेकर निर्देशक अनिल शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। दस सेकेंड के इस वीडियो में सूट और हैट पहने पाटेकर एक दृश्य के फिल्मांकन के लिए तैयार दिख रहे हैं, तभी एक प्रशंसक उनके पास आता है और साथ में सेल्फी खींचने की कोशिश करता है। प्रशंसक की इस हरकत से गुस्साए पाटेकर उसके सिर के पीछे थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। इसके बाद पाटेकर के पास खड़ा एक सुरक्षाकर्मी उस युवक की गर्दन पकड़कर उसे दूर ले जाता दिखाई दे रहा है। प्रशंसक को थप्पड़ मारने के लिए पाटेकर की सोशल मीडिया पर खूब आलोचना हो रही है।





# छठ के लिए सजे बाजार लोगों ने शुरू की खरीददारी


**पटना (आईएएनएस)।** सूर्योपासना के चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरुआत 17 नवम्बर से नहाय खाय के साथ शुरू हो रही है। छठ को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गई है। लोग छठ को लेकर खरीददारी कर रहे हैं। फिलहाल सूप और दउरा के साथ मिट्टी के चूल्हे की अस्थाई दुकानों पर लोग पहुंच रहे हैं। पटना में सड़कों के किनारे छठ से संबंधित दुकानें खुल गई हैं। बाजारों में पूजन सामग्रिया भी पहुंच गई हैं। सड़कों के किनारे दर्जनों की संख्या में नारियल की दुकान खुल गई हैं। फल कारोबारी भी आशान्वित हैं। बाजार पूरी तरह छठमय हो गए हैं। छठ को लेकर चारो तरफ सक्रियता बढ़ गई है। प्रशासन छठ घाटों को पूजा करने लायक बनाने के लिए प्रयासरत है तो आम जन जोर शोर से तैयारी में जुटे हैं। जिन लोगों को गांव में जाकर छठ करना है वे यहीं से बांस के बने सूप और दउरा खरीद रहे हैं। पटना के आर ब्लॉक चौराहा में छठ से संबंधित चीजों की कई दुकानें हैं। बताया जाता है कि सूप और दउरा की कीमतों में इस साल पिछले साल की तुलना में इजाफा हुआ है। सूप जहां 140 से 170 रुपए जोड़ा बिक रहा है वहीं दउरा की कीमत उसके आकार और बनावट के आधार पर तय है। दउरा 150 से लेकर 250 तक बाजार में उपलब्ध है। मिट्टी के चूल्हे की कीमतों में भी वृद्धि देखी जा रही है। पटना के बेली रोड, आर ब्लॉक चौराहा, वीरचंद रोड पर मिट्टी के चूल्हे की दुकान सजी है। मिट्टी चूल्हा बनाने वाली शबनम खातून बताती हैं कि इस साल चूल्हे की कीमत 100 से 160 रुपए तक है। आम की लकड़ी भी बाजार में उपलब्ध हैं। अभी हालांकि फलों के दुकानों में भीड़ नहीं देखी जा रही है। फल के दुकानदारों की मानें तो छठ पर्व को लेकर फलों की बिक्री नहाय खाय के दिन से शुरू होती है और अस्ताचलगामी सूर्य के अर्घ्य के दिन यानी पहले अर्घ्य के दिन तक होती है। सबसे अधिक बिक्री खरना के दिन होती है। इस साल 17 नवम्बर (शुक्रवार) को जहां नहाय खाय से महापर्व छठ की शुरुआत होगी वहीं शनिवार को व्रती खरना करेंगे।



# सोराब बेदी ने 8 पैक एब्स तक का सफर बताया

मुंबई,(आईएएनएस)। चांद जलने लगा में नजर आने वाले टीवी अभिनेता सोराब बेदी ने असाधारण रूप से दुबले होने से लेकर 8-पैक एब्स बनाने तक के अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। सोराब ने कहा, यात्रा चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन परिवर्तन पसीने की हर बूंद के लायक था। यह सिर्फ सिक्स-पैक या आठ-पैक पाने के बारे में नहीं है। यह पता लगाने के बारे में है कि आपका शरीर क्या करने में सक्षम है और उन सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में है। सोराब ने अपने आहार के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि बदलाव रातोरात नहीं होते। यह आत्म-सुधार के लिए एक दैनिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने आगे कहा, इन सबमें सही मात्रा में पोषण होना किसी भी परिवर्तन की कुंजी है। यह सिर्फ कम खाने के बारे में नहीं है, यह सही खाने के बारे में है। अपने शरीर को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करें।





# 'जवान' के टाइटल ट्रैक पर थिरके चिरंजीवी, राजा कुमारी



**हैदराबाद (आईएएनएस)।** सुपरस्टार चिरंजीवी को दिवाली पार्टी में रैपर राजा कुमारी के साथ 'जवान' के टाइटल ट्रैक पर थिरकते देखा गया। चिरंजीवी के साथ, राम चरण, लक्ष्मी मांचू और राणा दग्गुबाती को राजा कुमारी के प्रदर्शन का आनंद लेते देखा गया। रैपर ने अपने इंस्टाग्राम पर दिवाली पार्टी के कुछ पल साझा किए। उन्होंने चिरंजीवी, राम चरण, राणा दग्गुबाती, लक्ष्मी मांचू और पार्टी के अन्य लोगों के साथ तस्वीरें भी पोस्ट की। राजा कुमारी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, घर वह है जहां दिल है। सबसे खूबसूरत दीपावली के लिए धन्यवाद हैदराबाद। अपने चारों तरफ उन दोस्तों के साथ तेलुगु भाषा बोलते हुए सुनना बहुत अच्छा लगा जो मुझसे सच्चा प्यार करते हैं लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेगास्टार चिरंजीवी कोनिडेला के साथ डांस करने के इस पल को कोई भी चीज मात नहीं दे सकती।

# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी सना

मुंबई (वार्ता)। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की राधिका मदान अभिनीत 'सना' 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी। शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एसआईएफएफ), तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल और सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में अपनी दिलचस्प कहानी और शानदार प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल करने के बाद, समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'सना' ऐस द्वारा निर्देशित है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 54 वां संस्करण 20 से 28 नवम्बर 2023 तक गोवा में आयोजित किया जाएगा। 'सना' का प्रीमियर 23 नवम्बर का `'इंडियन पैनोरमा' श्रेणी के तहत महोत्सव में किया जाएगा। सुधांशु सरिया ने कहा, 'इस साल बन रहे बेहतरीन सिनेमा का प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरी फिल्म को चुना जाना कोई सामान्य सम्मान नहीं है और जब हमें यह खबर मिली तो पूरी टीम रोमांचित थी।

# पीजी कालेज छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाने के लिए दिया पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज छात्रसंघ प्रतिनिधि मंडल ने विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म भरने कि अंतिम तिथि बढ़ाने के साथ ही संभावित परीक्षा तिथि को एक माह के लिए आगे बढ़ाने संबंधित कुलपति के नाम संबोधित पत्रक कि एक प्रति महाविद्यालय प्राचार्य के अनुपस्थित में प्रभारी प्रोफेसर बद्रीनाथ सिंह को सौंपा। छात्रों ने परीक्षा फार्म भरने में हो रही समस्याओं सम्बंधित पत्रक कि एक-एक प्रति माननीय कुलाधिपति/ महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री को डाक के माध्यम से भी भेजा है। बता दें कि विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म भरने कि अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद भी हजारों छात्र-छात्रायें परीक्षा फार्म भरने से वंचित हो गए हैं और विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कि संभावित तिथि 21 नवम्बर घोषित कि गयी है जिससे छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन आधी-अधूरी तैयारियों के बीच परीक्षा फार्म भरने कि तिथि घोषित कर दी थी और अब तक आधा-अधुरा रिजल्ट घोषित होने व महाविद्यालय प्रशासन



द्वारा पास व प्रमोटेड रिजल्ट वाले छात्रों के एडमिशन लेंने कि नोटिस से छात्रों में असमंजस कि स्थिति उत्पन्न होने से परीक्षा फार्म भरने से छात्र वंचित हो गए हैं और नियम विरुद्ध नियमित रूप से तीन माह पठन-पाठन हुए बिना शीघ्र परीक्षा कि तिथि 21 नवम्बर घोषित कर दी गई है जबकि शासन के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी द्वारा पत्र जारी कर सभी विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक कैलेंडर के निदेर्शानुसार 5 दिसम्बर से परीक्षा कराने के निर्देश दिया गया है लेकिन जौनपुर विश्वविद्यालय द्वारा निर्देश का खुल्ला उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे छात्रों में आक्रोश व्याप्त है छात्रों कि मांग है कि परीक्षा फार्म भरने कि तिथि एक सप्ताह के लिए बढाई जाए तथा परीक्षा कि संभावित तिथि को एक माह के लिए टाला जाए। ताकि छात्र-छात्राओं का कोर्स पूरा हो सकें। अन्यथा छात्र धरना प्रदर्शन पर बैठने को बाध्य होंगे। छात्रनेता आकाश चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अब तक छात्रों का रिजल्ट पूर्ण रूप से सभी का जारी नहीं कर सका है वही छुट्टियों में परीक्षा फार्म कि तिथि जारी होने से हजारों छात्र-छात्रायें परीक्षा फार्म भरने से वंचित हो गए हैं उन्हें पर्याप्त मौका मिलना चाहिए। छात्र अभिषेक चौरसिया ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन आधा-अधुरी तैयारियों के बीच परीक्षा कि संभावित तिथि घोषित कर दिया है जबकि हजारों छात्र-छात्रायें अभी रिजल्ट पूर्ण रूप से घोषित होने के इंतजार में परीक्षा फार्म भरने से वंचित हो गए हैं। छात्र शैलेश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षा फार्म भरने कि तिथि एक सप्ताह के लिए नहीं बढ़ाता है और परीक्षा कि संभावित तिथि को एक माह के लिए नहीं टालता है तो हम सभी छात्र 21 नवंबर 2023 से महाविद्यालय मुख्यद्वार पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन पर बैठने को विवश होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होंगी। पत्रक सौंपने वालों में मुख्य रूप से विकास यादव, संध्या गुप्ता, नित्या राय, अर्पिता सिंह, संजना कुमारी, नेहा मौर्या, अर्चना कुमारी, अंशिका यादव, अनिशा कुशवाहा, प्रिया राय, काजल कुमारी, खूशबू राय, माही राय, आरती यादव, सौम्या सिंह, दानिश अंसारी, सूरज कुमार, आदित्य तिवारी, विश्वजीत जायसवाल, अनुराग कुमार, प्रवीण यादव, अमन राय इत्यादि छात्र मौजूद रहे।

## सुन लो सरकार... स्थानीय पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही, पीड़ित न्याय के लिए एसपी कार्यालय पहुंचा

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के अर्जनपुर प्राइमरी विद्यालय के पास लगे मेले में गत दिन पैदल जा रहे दो युवको को दबंगों द्वारा मारपीट के मामले में स्थानीय थाना स्तर पर मुकदमा दर्ज न होने पर पुलिस अधीक्षक को पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।




पुलिस अधीक्षक ने न्याय का भरोसा दिलाया है। उक्त गाँव मे रविवार को मेला लगा था जिसे देखने गए कृष्णगोपाल यादव वआकाश यादव निवासी जमीन रुधौली दोनों पैदल जा रहे थे, आरोप है कि रास्ते में बाइक से टच हो जाने को लेकर मारपीट शुरू हो गई जिसमें दोनों लोगों को काफी चोट आ है।पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पर दिया लगभग 1 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस सहायता हेतु नहीं पहुंच थी।पीड़ित ने लिखित सूचना थाने पर दिया। चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कानूनी कार्यवाही नही की गईं। जिसमे पीड़ित पुलिस अधीछक जौनपुर अजय पाल शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

# पोषण पोटली देकर प्रदान किया गया मानसिक सम्बल



प्रखर कुशीनगर। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली पर तैनात कुष्ठ विभाग के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक रमेश प्रसाद त्रिपाठी ने टीबी रोगियों के बीच पोषण पोटली वितरित कर मानसिक सम्बल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नियमित दवा और पौष्टिक आहार के सेवन से टीबी रोगी स्वस्थ हो जाते हैं। उन्होंने गुरुवार को 15 क्षय रोगियों को पोषण पोटली दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र तिवारी ने बताया जब भी किसी व्यक्ति को टीबी के लक्षण दिखे तो नजदीक के सरकारी अस्पताल पर जाकर जांच और कराएं। सरकारी अस्पताल पर निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हर महीने 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाया जाता है । इस माह 15 नवम्बर को अवकाश होने की वजह से 16 तारीख को निक्षय दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर निक्षय मित्र बन कर रमेश प्रसाद त्रिपाठी ने पोषण पोटली में चना, मूंगफली, गूड़, च्यवनप्राश आदि सामग्री दिया। साथ ही पौष्टिक आहार के साथ नियमित दवा खाने की सलाह भी दिया। उन्होंने बताया कि अब तक उनके द्वारा 30 टीबी रोगियों को गोद लिया गया। जिसमें तीन एमडीआर के मरीज रहे। सब ठीक हैं।

**टीबी के लक्षणः**

-लगातार 14 दिनों से बुखार आता हो।

-खांसी में खून आता हो ।

-वजन घटना रहा हो।

-थकान महसूस हो रही हो ।

-सांस लेने में तकलीफ होती हो।

# धान क्रय केन्द्र, खाद, पानी, बिजली को लेकर सपा का प्रदर्शन

प्रखर मीरजापुर। धान क्रय केन्द्र खोलने, बिजली कटौती बन्द करने व पानी, खाद, बीज की व्यवस्था व डेगूं, चिकनगुनिया, मलेरिया आदि के मरीजो के समुचित इलाज की मॉग को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी को सम्बोधित चार सूत्रीय मॉगपत्र अपर जिलाधिकारी को सौपा। इस अवसर पर हुए प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि किसानो की धान खरीदा नहीं जा रहा है ओर बिजली कटौती के कारण पानी की समस्या बुआई के लिए आन पड़ी है। कहा कि समितियों पर खाद की व्यवस्था नहीं है। किसान मारे-मारे फिर रहा है। उन्होने कहा कि डेगू, चिकनगुनिया, मलेरिया टाइफाइड के कारण सैकड़ो मरीज जिला अस्पताल में इलाज करा रहे है। अस्पताल में समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोग प्रयागराज व वाराणसी में अपना इलाज करा रहे है। प्रदेश सरकार फेल है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता इन्हे पटखनी देने के लिए तैयार बैठी है। श्री चौधरी ने कहा कि समस्याओ का समाधान हीं हुआ तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेगे। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, आदर्श यादव, रामजी मौर्या, आरिफ खान, संजय यादव झल्लू यादव, सत्यप्रकाश यादव, भोलानाथ यादव, सौरभ सिंह, कन्हैया यादव, दिलीप शर्मा, मुकुन्द यादव, अशोक यादव, महिपाल सिंह, विजय यादव, ओमप्रकाश सोनकर, राजेन्द्र यादव, अजय कुमार यादव, योगेश यादव, श्याम नारायण मौर्या, अमरेश सोनकर, रवि सोनकर, अहमद नवाज, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# समारोह पूर्वक पूजे गए देवलोक के धर्माधिकारी भगवान चित्रगुप्त, जिलाधिकारी ने किया पौधरोपण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। श्री चित्रगुप्त वंशीय सभा गाजीपुर के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सृष्टि के प्रथम न्यायाधीश एवं देवलोक के धर्माधिकारी भगवान श्री चित्रगुप्त का वार्षिक सार्वजनिक पूजन समारोह स्थानीय ददरी घाट स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में किया गया और इस उपलक्ष्य में संस्था की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पूजन समारोह से पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती आर्यका अखौरी ने मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं जन सामान्य के स्वास्थ्य के लिए संजीवनी माने जाने वाले अर्जुन एवं हरसिंगार के पौधों का वृक्षारोपण भी किया इस अवसर पर उपस्थित जन सामान्य को संबोधित करते हुए श्रीमती अखौरी ने कहा कि दोनों ही वृक्ष आयुर्वेदिक दृष्टि से जन सामान्य के लिए प्राण रक्षक की श्रेणी में आते हैं हृदय एवं साइटीका जैसी गंभीर बीमारियों में इनका सेवन करने से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त के पूजन समारोह से पूर्व पर्यावरण संरक्षण एवं जीवनी उपयोगी वृक्षों का वृक्षारोपण कर-के संस्था ने जो अनूठी पहल किया है वह अनुकरणीय है। यदि देश की समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं अपने प्रत्येक धार्मिक एवं सामाजिक अनुष्ठानों के पूर्व पौधरोपण को अनिवार्य कार्यक्रम के रूप में स्वीकार कर ले तो देश को वायु प्रदूषण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण कामयाबी मिलेगी ' इससे बड़ी देश सेवा एवं समाज सेवा कोई नहीं है इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय का स्वागत करते हुए संस्था के



मंत्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अपनी सादगी अनुशासन एवं कर्मठता के कारण जिलाधिकारी महोदय ने जनपद में अल्प समय में एक नई पहचान बना ली है एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दिखाकर जिस प्रकार से नौजवानों एवं सामाजिक कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करती हैं वह प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, प्रमोद सिन्हा, ओम प्रकाश, सुनील दत्त, शिव शंकर सिन्हा, संजीव अरुण श्रीवास्तव, भूपेंद्र श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव सभासद, विभोर श्रीवास्तव, सुबोध सत्संगी, देश दीपक श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, सुधाकर राय, कुसुम तिवारी एवं पंडित देव दत उपाध्याय तथा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील राम, अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा के लिए सजग रहें पत्रकार: अजय सिंह

प्रखर पडरौना, कुशीनगर। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) की जिला इकाई द्वारा संगोष्ठी आयोजित किया गया। वक्ताओं ने पत्रकारों के हक, मान, सम्मान को लेकर एकजुट संघर्ष का आह्वान किया। पडरौना नगर के रामकोला रोड पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने पत्रकारिता के मानकों की रक्षा के लिए कार्य भार संभाला और इस दिवस को राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस घोषित हुआ। श्री सिंह ने कहा कि आज के बदलते परिदृश्य में कलमकारों के सामने निष्पक्ष पत्रकारिता को लेकर काफी संभावनाएं हैं तो चुनौतियां भी हैं। ऐसे में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व पोर्टलों से जुड़े मीडिया कर्मियों को खबरों को लेकर हमेशा सजग रहना चाहिए। तभी लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा होगी। सहयोग व एकजुटता की पत्रकारों से अपील करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पत्रकार हित में देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने की मांग को लेकर संगठन देश व्यापी मुहिम चला रही है। प्रदेश सचिव विनय कुमार उपाध्याय ने कहा कि आये दिन पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ रही घटनाओं पर सरकार रोक लगाए और पत्रकार हित की योजनाओं को निचले स्तर पर काम कर रहे मीडिया कर्मियों तक पहुंचाया जाए। एबीपीएसएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष राज सिंह ने कहा कि पत्रकार हितों के संरक्षण के लिए हम सभी को आगे आना होगा। वक्ताओं ने पत्रकार ब्रिज बिहारी त्रिपाठी के साथ हुई मारपीट की घटना की निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। अंत में सहारा समूह के प्रबन्ध निदेशक सहारा श्री सुब्रत राय ने निधन पर वक्ताओं ने सहारा श्री के द्वारा मीडिया में किये गए योगदान को याद करते हुए गहरा शोक प्रकट किया और दो मिनट का मौन रख मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा ने किया। इस अवसर पर अमित कुमार यादव, एहतेशाम मिंटू लारी, विजय कुमार राव, असफाक अंसारी, तहसील अध्यक्ष पडरौना आदित्य दीक्षित, तहसील अध्यक्ष सुख सागर शर्मा, मंतोष जायसवाल, पवन कुमार शर्मा, राजू द्विवेदी, आर्यन शर्मा, अर्जुन वेदांत, सरफराज अली, सौरभ शर्मा, सहिम अंसारी, मस्तराज शर्मा, राहुल कुमार विश्वकर्मा, सहाबुद्दीन, दीपक अग्रवाल, फरियाद, ईश्वर चन्द पटेल, अशोक सिंह सहित संगठन से जुड़े पत्रकार मौजूद रहे।



# प्राचीन राम जानकी मन्दिर में स्थापित भगवान चित्रगुप्त की मनाई गई जयन्ती

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रघुनाथ नगर महमूरगंज में स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मन्दिर में स्थापित भगवान श्री चित्रगुप्त की जयन्ती बड़े धूम-धाम से मनाई गई ` काशी के केदारखण्ड में यह मन्दिर लगभग 200 वर्ष से अधिक पुराना है जहां भगवान लक्ष्मी नारायण, गणेश जी,श्री राम दरबार, माता दुर्गा, माता गौरा, श्री राधा कृष्ण, रुक्मिणी जी, सतभामा जी, कार्तिकेय जी, गरुण जी, संकटमोचन हनुमान जी ,शनिदेव महाराज के अलावा नर्मदेश्वर महादेव की मूर्ति स्थापित है सभी विग्रहों को सुगन्धित फूल मालाओं से श्रृंगार किया गया था और मन्दिर को अनोखे रंग बिरंगी लाईटो से सजाया गया था भगवान श्री चित्रगुप्त की जयंती पर सभी भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक कलम दवात की पूजा करते हुए सभी विग्रहों के दर्शन कर पूर्ण्य के भागीदार बनें। आचार्य पवन शास्त्री व आचार्य



प्रवीण तिवारी द्वारा कथा, पूजन-अर्चन,हवन जन कल्याण हेतु किया सभी भक्तों का घर धन-धान्य,सुख समृद्धि से परिपूर्ण रहे कामना के साथ धान का लावा, माता लक्ष्मी का खजाना व लेखनी प्रसाद स्वरुप पंडित बलराम तिवारी ने वितरित किया। पूजन अर्चन यजमान ग्लोबल कायस्थ कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष शशिकान्त श्रीवास्तव सपत्निक डा. कामिनी श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, कौशलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक तन्नु, नीतू, समृद्धि श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, मनीष वर्मा सहित सैंकड़ों की संख्या में भक्त जनों ने भागीदारी किया। तत्पश्चात संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन संध्या अमित कुमार जय मां दुर्गे जागरण पार्टी द्वारा किया गया और भव्य आरती के साथ समापन के पश्चात हजारों लोगों ने भण्डारा 'महाप्रसाद ग्रहण कर पूर्ण्य के भागीदार बनें इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव (वरिष्ठ इंका नेता) , सौरभ श्रीवास्तव ( विधायक कैंट वाराणसी), आशुतोष सिन्हा (सदस्य विधान परिषद वाराणसी स्नातक क्षेत्र), रीबू श्रीवास्तव (प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी), ऐश्वर्या श्रीवास्तव (राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी) ,बृजेश श्रीवास्तव (पार्षद हुकूलगंज), मनोज श्रीवास्तव (जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ) को सम्मानित किया गया। जयंती अवसर कार्यक्रम को दीपेन्द्र श्रीवास्तव, डा मनोज श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव,केशव प्रसाद , के.के. श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, डा आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, विंध्याचल श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, अक्षत वर्मा, कृपा शंकर श्रीवास्तव, शिव प्रकाश सिन्हा, डा. एस पी श्रीवास्तव, सरजू प्रसाद गुप्ता, दुर्गा देवी आदि ने सम्पादित कराया।

# ऊदा देवी के बलिदान को नहीं भुलाया जा सकता- कुलपति

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विश्वकर्मा छात्रावास समीप ऊदा देवी और मक्का पासी मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने वीरांगना ऊदा देवी को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में ऊदा देवी ने जिस साहस का परिचय देते हुए अग्रेजों का मुकाबला किया था वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। विश्वविद्यालय में स्वतंत्रा संग्राम के शहीदों के नाम पर मार्ग का नाम पड़ा है इससे विद्यार्थी निरंतर उनके बलिदान से परिचित होते रहेंगे। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने ऊदा देवी के बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी आज की महिलाओं के लिए ऊर्जा की स्रोत है. पति की मृत्यु के बाद भी पुरे साहस से सिकंदर बाग लखनऊ में पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतार कर वीरगति को प्राप्त हुई थी. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनका बलिदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. संदीप सिंह, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. धर्मेन्द्र, डॉ. अमित वत्स, हिमांशु तिवारी, शशांक, अंकुश गौरव समेत अन्य उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### नहीं रहे समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद सिंह



प्रखर सिकरारा (जौनपुर)। मुंबई के उद्योगपति, बरिष्ठ समासेवी काकोहिया गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद नही रहे। वे पिछले एक महीने से कैंसर बीमारी से जूझ रहे थे। मुंबई के सिंधुजा अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार की रात उनका निधन हो गया। गांव के विकास के लिए उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्य को याद करते हुए प्राथमिक विद्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को मुंबई में हीं उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र अभिषेक सिंह ने उन्हें मुखागनी दी।

### सल्तनत बहादुर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी



प्रखर बदलापुर/जौनपुर। शासन के निदेर्शानुसार सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर जौनपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में संचालित एन.सी.सी, रा.से.यो. एवं रोवर्स-रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुनील प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं की उम्र 1 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष पूरी हो रही है, वे सभी बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क करके अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करा सकते हैं। मेजर प्रोफेसर विमलेश पांडेय ने निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिए वांछित अभिलेखों के बारे में बताया। रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी डॉ. कर्मचन्द यादव ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं की भूमिका के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. मुमताज अहमद अंसारी, डॉ. पूनम श्रीवास्तव, डॉ. ओम प्रकाश सिंह, राकेश खरवार,रामजीत यादव सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलेंगे वाराणसी के लाल रणविजय सिंह यादव




प्रखर वाराणसी। प्रधानमंत्री जीके संसदीय क्षेत्र वाराणसी का नाम रोशन करते हुए अवलेशपुर के रणविजय सिंह यादव पुत्र रामनरेश यादव जूनियर हॉकी विश्व कप मलेशिया में 5 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक होने वाले कप में गोलकीपर की जगह चयन किया गया है।

### रामधार यादव की तेरहवीं पर हुआ भंडारे के साथ श्रद्धांजलि का कार्यक्रम

प्रखर मनिहारी (गाजीपुर)। समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने गुरुवार को अपने पिता महन्त जयराम यति इंटर कालेज के संस्थापक/संरक्षक स्वर्गीय रामअधार यादव की तेरहवीं (भंडारा)पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनको याद किया और दो दर्जन आम,कटहल,पीपल,बरगद,आंवला आदि का पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।वहीं सैकड़ों दिव्यांग एवं मूक-बधिर बच्चों को वस्त्र और किट देकर सम्मानित किया।श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए जंगीपुर के विधायक डा.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि पर्यावरण को बचाने का संकल्प एक परम पुनित का काम है।वहीं उनकी दिनचर्या बेहतर कैसे बन सकती है।उस पर गहनता से विचार करने के साथ अमल करना चाहिए। ब्लाक प्रमुख संतोष यादव ने कहा कि स्व. रामअधार यादव के प्रेरणा से उनके पुत्र रमेश यादव ने दिव्यांग एवं मूक-बधिर बच्चों को स्वालंबी बनाने का जो वीणा उठाया था।आज उनके स्मृति में दिव्यांग एवं मूक-बधिर बच्चों को सम्मानित कर उत्कृष्ट कार्य किया है,दिव्यांगजनों की सेवा करने से बड़ा पुण्य कुछ भी नहीं है। जो व्यक्ति दिव्यांगों की सेवा करते हैं, उन्हें कई यज्ञ के बराबर पुण्य मिलता है। समाजसेवी ब्रजभूषण दुबे ने कहा कि समाज के दिव्यांगजनों व वंचितों के लिए सोचना जरूरी है। उनका ख्याल रखना समाज का कर्तव्य बनता है। दिव्यांगों के प्रति जो समाज में गलत धारणा है, उसे समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का असली हकदार यदि कोई है तो वह दिव्यांगजन हैं। पूर्व मंत्री डा.रमाशंकर राजभर ने कहा कि धरती पर हरियाली खत्म हो रही है।पेड़ के उपकरण हमारे लिए जहर है। वहीं उन्होंने कहा कि दिव्यांग हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। दिव्यांगों ने अपनी मेहनत व प्रतिभा के बल पर देश के उच्च पदों पहुंच कर देश की सेवा कर रहे हैं।इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय यादव, जर्नादन राम,प्रधानाचार्य लालजी यादव, सरदार दर्शन सिंह,मु.शमीम अब्बासी, धर्मेंद्र मिश्रा, महेश यादव, अनिल पाण्डेय, दिनेश यादव, आमिर अली, नरेन्द्र यादव, विजय वर्मा,अरुण यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सिद्धपीठ औढ़ारी मठ के मठाधिश्वर दिव्यानंद यति एवं संचालन डा.रमाशंकर राजभर ने किया।



प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं